वर्ष 24, अंक 288, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पहचान करेंगे, पीछा करेंगे, धरती के आखिरी छोर तक आतंकियों को नहीं छोड़ेंगे, पीएम मोदी की खुली चेतावनी




# 'दुश्मनों ने देश की आत्मा पर हमला किया'

**बिहार**

**मोदी** ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओड़िया था, कोई बिहार का लाल था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार में है। बिहार में उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए वहां मौजूद लोगों से पहलगाम आतंकी हमले में जान गवांने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने की अपील की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने दोनों हाथ जोड़ रखे थे। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से आतंकवादियों ने मारा है, उससे पूरा देश गुस्से में है। पीड़ित परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है। मोदी ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओडिया था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक दुख और आक्रोश एक जैसा है। उन्होंने कहा कि हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकवादियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल कर रहेगी। अब आतंकियों की बची-कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति आतंकवादियों की कमर तोड़ कर रहेगी। इसके बाद मोदी ने कहा कि आज पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला से, बिहार से जुड़ा है। आज यहां देश के, बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। बिजली, रेल, इंफ्रास्ट्रक्चर के इन विभिन्न कार्यों से बिहार में रोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार वो धरती है, जहां से पूज्य बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का विस्तार किया था। पूज्य बापू के दृढ़ विश्वास था कि जब तक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक भारत का तेज विकास नहीं हो पाएगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी पंचायतों को मजबूत किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते दशक में 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया। 5.50 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने हैं। पंचायतों के डिजिटल होने से एक और फायदा हुआ है। अब जीवन/मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि धारण प्रमाण पत्र जैसे कई दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अनेक दशकों बाद जहां देश को संसद की नई ईमारत मिली, वहीं देश में 30 हजार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले, ये भी सरकार की प्राथमिकता रही है। बीते 10 साल में 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड पंचायतों को मिला है। ये सारा पैसा गांवों के विकास में लगा है।

**● देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं।**

## 'पहलगाम हमले से पूरा देश सदमे में'




**प्रधानमंत्री** मोदी पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेन मधुबनी गए हैं. यहां जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पहलगाम हमले का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, 'पहलगाम में जिस तरह से आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की हत्या की, उससे पूरा देश सदमे में है. पूरा देश उन लोगों के साथ है जिन्होंने इस हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया है.

'पहलगाम हमला पर्यटकों पर नहीं, भारत की आत्मा पर हमला था', बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'सरकार घायलों को इलाज मुहैया कराने की पूरी कोशिश क२र रही है. यह सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर हमला नहीं था, बल्कि देश की आत्मा पर हमला था. मैं यह साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि जो लोग इस हमले के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें उनकी कल्पना से भी परे सजा दी जाएगी.'

पहलगाम हमले के बाद सरकार ने लिए ये फैसले

पीएम मोदी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने बिहार के मधुबनी गए हैं. पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को लेकर बड़े फैसले किए हैं. सिंधु जल संधि खत्म करने, अटारी बॉर्डर बंद करने, पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करने और पाकिस्तानी उच्चायोग से स्टाफ कम करने का ऐलान किया गया है. 23 अप्रैल को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया. इसके अलावा फिलहाल जो पाकिस्तानी भारत में हैं, उन्हें देश छोड़ना होगा।

## पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक

# जान गंवाने वालों के लिए रखा गया 2 मिनट का मौन

### हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट- राहुल

**नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के शोकाकुल परिवारों ने सरकार से इस क्रूर कृत्य के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया। इसी को लेकर सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के पास बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमलों में से एक है, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान मारे गए थे। पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के शोकाकुल परिवारों ने सरकार से इस क्रूर कृत्य के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया। इसी को लेकर सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न दलों के नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीरीजू मौजूद थे। सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद थे।

केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय




बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, "रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए...।" लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है।"इससे पहले विपक्ष ने मांग की थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करें। मोदी बृहस्पतिवार को बिहार के दरभंगा के दौरे पर थे, जहां उन्होंने घोषणा की कि पहलगाम के हत्यारों और उनके समर्थकों की पहचान कर उन्हें दंडित किया जाएगा। सर्वदलीय बैठक के एक दिन पहले सरकार ने पाकिस्तान को निशाना बनाकर कई कदमों की घोषणा की। सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय बुधवार को लिया गया था और सिंह एवं शाह ने विभिन्न दलों से संपर्क किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित किसी अहम घटना के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की परंपरा रही है ।

## सर्वदलीय बैठक में नहीं बुलाए जाने पर ओवैसी नाराज, अब गृह मंत्री ने सीधे मिला दिया फोन



**नई दिल्ली**

**असदुद्दीन** ओवैसी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पहलगाम आतंकवादी हमला खुफिया नाकामी का नतीजा है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से इस घटना के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कहा कि यह हमला उरी और पुलवामा में हुई घटनाओं से भी अधिक खतरनाक, निंदनीय और पीड़ादायक है।

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहलगाम सर्वदलीय बैठक के लिए संसद में सदस्यों की संख्या की परवाह किए बिना सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने कहा कि उन्होंने बुधवार रात केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से बात की और उन्हें बताया गया कि एनडीए सरकार केवल पांच या 10 सांसदों वाले दलों को आमंत्रित करने के बारे में सोच रही है।

ओवैसी ने यह भी कहा कि जब उन्होंने पूछा कि कम सांसदों वाली पार्टियों को क्यों नहीं बुलाया गया, तो केंद्रीय मंत्री ने जवाब दिया कि बैठक बहुत लंबी हो जाएगी और मजाक किया कि अक्टक्ट नेताओं की आवाज वैसे भी बहुत तेज है। उन्होंने कहा कि आपकी अपनी पार्टी (भाजपा) के पास बहुमत नहीं है। चाहे वह 1 सांसद वाली पार्टी हो या 100, वे दोनों भारतीयों द्वारा चुने गए हैं और ऐसे महत्वपूर्ण मामले पर उनकी बात सुनी जानी चाहिए। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। सभी की बात सुनी जानी चाहिए। मैं नरेंद्र मोदी से आग्रह करता हूं कि इसे वास्तविक सर्वदलीय बैठक बनाएं, संसद में सांसद वाली हर पार्टी को आमंत्रित किया जाना चाहिए।

## 'हिंदुओं-मुसलमानों को आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा', एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे



**असम**

**होजई** में पंचायत चुनाव रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि पहले आतंकवादी अपने लक्ष्य की धार्मिक पहचान कभी नहीं पूछते थे, लेकिन पहलगाम में पीड़ितों से पूछा जाता था कि वे किस धर्म से हैं। हिंदुओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, "एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।" असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हिंदुओं और मुसलमानों को मिलकर आतंकवाद से लड़ना होगा और पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों को दंडित करना होगा। होजई में पंचायत चुनाव रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि पहले आतंकवादी अपने लक्ष्य की धार्मिक पहचान कभी नहीं पूछते थे।

## 25 अप्रैल को देश भर में कैंडल मार्च निकालेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली**

**सीडब्ल्यूसी के** प्रस्ताव में कहा गया कि सीडब्ल्यूसी ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में कायराना आतंकी हमले की साजिश पाकिस्तान ने रची।

पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान जाने के दो दिन बाद, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाए जाने




की निंदा की गई। शांति की अपील करते हुए, सीडब्ल्यूसी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय पर भी हमला किया और केंद्र पर भारी सुरक्षा विफलता और खुफिया चूक का आरोप लगाया। सीडब्ल्यूसी ने आगे दावा किया कि पर्यटकों पर हमला उस जगह पर हुआ, जहां हमेशा तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रही है।

सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में कहा गया कि सीडब्ल्यूसी ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में कायराना आतंकी हमले की साजिश पाकिस्तान ने रची। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि देशभर में भावनाएं भड़काने के लिए हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है; हम इस गंभीर उकसावे के बावजूद शांति की अपील करते हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि खुफिया विफलताओं, सुरक्षा खामियों का व्यापक विश्लेषण जरूरी है।

पहलगाम हमले पर सीडब्ल्यूसी प्रस्ताव में कहा गया कि यह चौंकाने वाली बात है कि भाजपा इस त्रासदी का इस्तेमाल अविश्वास और ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए कर रही है, जबकि एकजुट होने की सबसे ज्यादा जरूरत है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को पुष्पांजलि की अर्पित

## 2,200 से ज्यादा कंपनियों ने छोड़ा बंगाल, इन राज्यों की ओर किया रुख

### बेरोजगारी बढ़ने का खतरा मंडराया

**पश्चिम बंगाल**

**भारत** सरकार की तरफ से बताया गया है कि पश्चिम बंगाल से काफी सारी कंपनियां अपना ऑफिस बंद करके दूसरे राज्यों की ओर रुख कर रही हैं। इसे एक तरह का कॉरपोरेट पलायन बताया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में बीते पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियां ने राज्य छोड़ दिया है। आज के वक्त में देखें तो भारत ज्यादा से ज्यादा कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में लगा है। तो ऐसे में राज्यों के अंदर कंपटीशन भी बना हुआ है कि कौन कितनी ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराएगा। जैसे हाल ही में आपने महाराष्ट्र, गुजरात के बीच की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली



थी। किसके पास सेमीकंडक्टर कंपनियां आएंगी। किसके पास रिफाइनरी की इंडस्ट्री आएगी। ऐसे में किसी राज्य से कंपनियों पलायन होता है तो ये अपने आप में काफी बड़ी बात हो जाती है। पहले पूरा मामला क्या है ये आपको बताते हैं।

संसद में सामने आया चिंताजनक आंकड़ा

संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कॉरपोरेट मामलों के कनिष्ठ मंत्री हर्ष मल्होत्रा ??ने संसद को बताया कि पिछले पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियों ने अपने पंजीकृत कार्यालय पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित किए हैं, जिनमें से कम से कम 39 सूचीबद्ध संस्थाएं हैं। राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के सवालों के जवाब में मल्होत्रा ??के जवाब ने तृणमूल कांग्रेस को सांसद के सवालों को पक्षपाती और भ्रामक करार दिया और भाजपा पर पूरी तरह से बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया। टीएमसी के राज्यसभा सांसद और पार्टी प्रवक्ता साकेत गोखले ने कहा कि यह सवाल पक्षपातपूर्ण और भ्रामक था। भाजपा का एकमात्र उद्देश्य बंगाल को खराब छवि में दिखाना था। पार्टी ने हमेशा ऐसा किया है। इससे उसे एक तरह का विकृत आनंद मिलता है। गोखले ने सवाल किया कि भाजपा ने उसी अवधि में नए पंजीकरणों की संख्या के बारे में क्यों नहीं पूछा।

# चौथी पहुंचाने आये दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश




**जंघई।** हंडिया थानांतर्गत महजना गांव निवासी उदयराज सिंह के दो पुत्र ओमप्रकाश सिंह 42 वर्ष, अजय सिंह 36 वर्ष हरदुआं गांव निवासी राजेंद्र सिंह के यहां गुरुवार को चौथी पहुंचाने गये थे, चौथी पहुंचाकर रात में 12 बजे लौट रहे थे कि और श्री देवी प्रसाद महाविद्यालय पिलखिनी की पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और दोनों भाई गिरकर लहुलुहान हो गये। छोटे भाई अजय सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बड़े भाई ओमप्रकाश सिंह की मौत प्रयागराज अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर एसीपी हंडिया सुनील कुमार सिंह, एसएचओ सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य घटनास्थल पर पहुंचें। चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य ने बताया कि घटनास्थल से गाड़ी को थाने पहुंचा दिया गया और मृतक दोनों भाई का शव पोस्टमार्टम हेतु स्वरूप रानी अस्पताल भेज दिया गया।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है उदयराज सिंह महजना के परिवार की बेटी की शादी राजेंद्र सिंह हरदुआं के परिवार में 18 अप्रैल को हुई थी और 22 अप्रैल को महजना से चार पहिया एवं दो पहिया वाहन से चौथी लेकर आये थे और रात में 11 बजे के बाद हरदुआं से महजना के लिए निकले लेकिन रास्ते में दुर्घटना के शिकार हो गए। दो सगे भाइयों के निधन से महजना एवं हरदुआं गांव में शोक का माहौल है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## नवजात बालिकाओ की मृत्यु के प्रकरण में 08 मई तक प्रस्तुत करें कथन एवं साक्ष्य

**प्रयागराज ।** नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि राजकीय बाल गृह (शिशु), प्रयागराज में आवासित नवजात बालिकायें वन्दना, सरस्वती, दीपिका व गौरी की चिकित्सालय में हुयी मृत्यु के प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा मुझे मजिस्ट्रियल जांच हेतु नामित किया गया है, जिसके अनुपालन में कथन/साक्ष्य/प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 11.02.2025 नियत की गयी थी, परंतु कोई कथन/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस कारण पुनः कथन/साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई कथन एवं साक्ष्य प्रस्तुत करना हो, तो वह मेरे कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय/न्यायालय में दिनांक 08 मई, 2025 तक कार्यालय अवधि में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक अपना कथन एवं साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

## पहलगांव में मृतकों के प्रति खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में दो मिनट का शोक




मृतको की आत्मा की शांति के लिए शोक व्यक्त करते हुए

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** पहलगांव में हुई आतंकी हमले को लेकर मृतको के प्रति खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में दो मिनट के लिये शोक संवेदना व्यक्त की गयी और इस प्रकार की घटना की निंदा की और सरकार से इस प्रकार के आतंकियों को सख्त से सख्त सजा देने की बात कही गयी जिससे इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो सके।

इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल, एडियो पंचायत रजीव द्विवेदी, प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, राम जी त्रिपाठी, शनि शुक्ला, संदीप कुमार, अविनाश त्रिपाठी, अमित सिंह, डबलू द्विवेदी, जीतेन्द्र गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पहलगाम में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख घायलों के स्वास्थ्य लाभ किया प्रार्थना



**जसरा।** पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के विरोध में जसरा के लोगों ने बृहस्पतिवार को जसरा ब्लाक के पास हमले के शहीद हिन्दुस्तानी नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। समाजसेवी दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि आतंकवादियों की यह कायरना हरतक है जिसको लेकर पूरे देश में आक्रोश फैला हुआ है। इस तरह की घटनाओं ने आज फिर दिखा दिया कि कायरों की यही पहचान है कि निहत्थे नागरिकों पर गोली चला कर मार दिया। जिस तरह बहन बेटियों के सामने उनके सुहाग को उजाड़ा गया वह बहुत ही निंदनीय है। वंशराज सिंह ने कहा कि यह सारा आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है। इसकी कड़ी निंदा करते है और देश के प्रधामंत्री से मांग करते है कि दोषियों को ऐसी सजा मिले कि एक मिसाल बने। आज देश का प्रत्येक नागरिक सरकार के हर फैसले के साथ है। अगर युद्ध की भी जरूरत पड़े तो सरकार को पीछे नहीं हटना चाहिए । देश का हर नागरिक तन मन धन से देश के साथ है। वहीं अशोक चौधरी ने कहा कि बच्चों और महिलाओं की करुण क्रंदन से आत्मा मर्माहत है । एक के बदले दस की नीति की जरूरत है। देश की बेटियां हर तरह से तैयार है। सभा में उपस्थित श्यामसुंदर त्रिपाठी प्रबंधक श्री सत्यनारायण इंटरमीडिएट कॉलेज, आलोक मालवीय, अभय राज सिंह, सुनील यादव, राजेश सोनकर, आर पी तिवारी, रमेश गौतम, मनीष कुमार, राकेश पटेल राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का अशोकानंद महाराज ने किया भावपूर्ण वर्णन



**जंघई।** तुलापुर, ककरहां जंघई में मुख्य यजमान शारदा प्रसाद पाठक एवं उर्मिला पाठक के निवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को कथा व्यास अशोकानंद महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पवन पाठक, रमेश पाठक, दिनेश पाठक, राजेश पाठक, सचिन पाठक, शैलेश पाठक, रोहित ब्राह्मण, विजय मिश्रा, सुरेश विश्नोई, पंकज त्रिपाठी, शंकर दुबे, त्रिवेणी प्रसाद, पांडेय, यमुना प्रसाद पांडेय, ?सुनील दुबे, किशन मिश्रा, अमित पाठक, अतिश पाठक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




## विकास खंड करछना में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया

**करछना।** विकास खंड में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि,1993 को पूरे देश में 73वां संविधान संशोधन विधेयक लागू हुआ था और तिरस्त्रीय पंचायत को वैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था इसी उपलक्ष में विकास खंड करछना के सभागार में गुरुवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत विकास खंड करछना में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी एवं एडीओ पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी उदय भान द्वारा उपस्थित सभी को पंचायती राज तिरस्त्रीय पंचायत के विषय में ग्राम पंचायत से आए महिलाएं एवं पुरुषों प्रधानों प्रतिनिधियों को ग्रामीणों अंचलों में विकास निरंतर अग्रसर कैसे हो रहा है इसके विषय में सशक्त पंचायत सशक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए बैठक में जानकारी दी गई जिसमें प्रमुख रूप से गुलशन सोन कुमारी अंतिमा साहू मनोरमा देवी राजकुमारी सीता सिंह शिवपति सुशील सिंह विनीत गुप्ता सुशील गुप्ता सुषमा आनंद कुमार सोनकर शशिकांत दुष्यंत प्रताप सिंह अतुल मिश्रा मनीष शुक्ला आदि को उपस्थित रहे को बड़ी संख्या में पंचायती राज व्यवस्था के उपलक्ष में उपस्थित लोगों ने पंचायती राज दिवस की कार्यशाला में सहभागिता दर्ज की।

# पर्यटकों पर आंतकवादी हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

● अधिवक्ताओं ने मृतकों के सम्मान में दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंकते अधिवक्ता

**करछना।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में गुरुवार करछना तहसील में अधिवक्ताओं ने हमले में मारे गये सभी पर्यटकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन कर आतंकवादी संगठनों के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाते हुए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हुए प्रदर्शन किया और भारत के प्रधानमंत्री एवं देश के रक्षामंत्री से मांग की गई सरकार इस आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दे और आतंकवादी को जड़ से मिटाने का काम करें कब तक बेगुनाहों की जान की बाजी लगाकर खिलवाड़ होता रहेगा इसे खत्म करना चाहिए इस मौके पर करछना तहसील के बारे एसोसिएशन अध्यक्ष चिन्ता मणि शुक्ल महामंत्री हंसराज सिंह उपाध्याय अभिषेक सिंह, इंद्रेश शुक्ला के साथ हजारों की संख्या में अधिवक्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे और एस डीएम करछना तपन? कुमार मिश्रा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया और सरकार से मांग की गई की इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतक के परिजनों को सहायता प्रदान की जाय यही उन मृत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# छात्रों के सबसे अच्छे काउंसलर शिक्षक : डा०योगेन्द्र सिंह




मां सरस्वती की पूजा के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए




कार्यक्रम में शामिल लोग

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रांगण में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ह्यप्राथमिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा का अन्तर्सम्बन्ध। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के पश्चात किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ०योगेंद्र सिंह ने आए हुए प्रधानाध्यापकों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के अध्यापक अचलेन्द्र जायसवाल ने कहा की पुरानी शिक्षा नीति की अपेक्षा नई शिक्षा नीति अधिक व्यावहारिक और शिक्षक और छात्र केंद्रित है। इसी क्रम में दयाशंकर सिंह, कमलेश अवस्थी ने भी अपने विचार रखे। प्राथमिक अध्यापकों की ओर से उपेंद्र द्विवेदी, होरी लाल, एस पी सिंह, बबिता वर्मा, संत शरण ने भी अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन पर आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्रम् और गोष्ठी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। संचालन रामलखन प्रजापति ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार साहू , कुलभूषण मिश्रा, चंद्रशेखर, जय सिंह, केडी कुमार, नरेंद्र कुमार, भैरव प्रसाद, राकेश कुमार, बृजेंद्र श्रीवास्तव, नागेंद्र लाल, देवेंद्र शुक्ला, वीरेंद्र कुमार, दयाशंकर यादव, शिवकुमार केशरवानी, रितेश प्रजापति, अखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## भारत के मुस्लिमों की पाक से तुलना ठीक नहीं : विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई

**प्रयागराज।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से देश में आक्रोश है। इसे लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। प्रयागराज में शहर उत्तरी के भाजपा विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई ने आतंकी हमले पर आक्रोश जताते हुए कहा कि भारत की बहादुर सेना, भारत के बहादुर प्रधानंत्री इस घिनौनी वारदात का इंसाफ करेंगे।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टूट रहा है। इसी वजह से ध्यान भटकाने के लिए पाक आर्मी चीफ ने भारत में इस प्रकार की घिनौनी घटना की है। भारतीय सेना इसका जवाब देगी। नाम पूछकर जिस प्रकार से हिंदुओं को मारा गया वह निंदनीय है। विधायक ने कहा कि भारत के मुस्लिमों की तुलना पाकिस्तान से करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं भी हिंदू हूं, मेरे दिल में भी गुस्सा है लेकिन हमें उस घोड़े वाले को भी याद करना होगा जिसने आतंकियों की बंदूक छीनने में अपनी जान गंवाई। विधायक ने कहा कि आज पूरा कश्मीर इस हमले के खिलाफ बंद है। यह एकता का संदेश है। पाकिस्तान को इसके नतीजे भुगतने होंगे।

# विधायक डॉ. वाचस्पति ने समिति बैठक में उठाईं बारा क्षेत्र की अहम समस्याएं

● मुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों को सौंपा ज्ञापन, विकास कार्यों की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** लोक लेखा समिति के सदस्य एवं बारा विधानसभा के विधायक डॉ. वाचस्पति ने समिति की बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित पर्यटन, सिंचाई, स्वास्थ्य, खेल, परिवहन, ऊर्जा व ग्रामीण विकास मंत्रियों को ज्ञापन सौंपते हुए बारा क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार व खेल सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों पर ध्यान दिलाया।

विधायक ने पीपीजीसीएल पॉवर प्लांट, अल्ट्राटेक और जेके कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड के उचित उपयोग न होने का मुद्दा भी उठाया। इसके अलावा, नाविकों को नाव की सुविधा, टाटा द्वारा प्रस्तावित अस्पताल का निर्माण, मत्स्य संपदा योजना पोर्टल की बहाली, तथा कौंधियारा, देवरा व पिपरहटा में मिनी लिफ्ट पंप कैनाल लगाने की मांग की।उन्होंने पर्यटन मंत्रालय को पत्र सौंपकर बारा के पौराणिक स्थलों और मंदिरों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की आवश्यकता जताई। साथ ही, परिवहन मंत्री से रामबाग से शंकरगढ़ व मसुरिया धाम तक बस सेवा शुरू करने का अनुरोध किया।

मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने बताया कि डॉ. वाचस्पति के प्रयासों से खेल मंत्री द्वारा शंकरगढ़ स्टेडियम के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, लोक निर्माण विभाग से नए मार्गों के निर्माण और पुराने मार्गों के मरम्मत के लिए अनुरोध पत्र सौंपा गया।इस बैठक में विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ श्यामू निषाद भी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर अर्पित की श्रद्धांजलि




फाफामऊ में कैंडिल मार्च निकाल मृतकों को श्रद्धांजलि देते व्यापारी

अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल फाफामऊ के बैनर तले अध्यक्ष अजय जायसवाल के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने गुरुवार को फाफामऊ बाजार में कैंडल मार्च निकाल कर पुलवामा में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। कैंडल मार्च के दौरान व्यापारियों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए आतंकवाद का जमकर विरोध किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से श्यामबाबू केसरवानी, सोनू जायसवाल, जावेद अहमद, अमित केसरवानी, अंकित केसरवानी, विमल कुमार, अश्वनी मिश्रा, संदीप मोदनवाल सहित भारी संख्या व्यापारी शामिल रहे।



## विकासखंड कार्यालय सहसों पर सुना गया पीएम मोदी का संबोधन

**सहसों।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विकासखंड सहसों कार्यालय पर गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में सुना गया। प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के बाद ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जो कहा है उसका हम सभी को पालन करना है। उन्होंने कहा सशक्त राष्ट्र के लिए पंचायत का सशक्त होना बहुत जरूरी है। संबोधन कार्यक्रम के बाद ब्लॉक प्रमुख द्वारा ब्लॉक कर्मचारियों धर्मपाल यादव, राम मिलन, दिनेश कुमार, रमेश प्रजापति, बबिता देवी, उर्मिला मौर्य, अशोक सिंह, सुरेंद्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी आसमा सिंह, सरिता पाल, उदयभान सिंह, जितेंद्र कुमार व अनुज कुमार का माल्यार्पण करके उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश बहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी देव कुमार, एडीओ पंचायत दिनेश चौरसिया, एडीओ आईएसबी संजय सिंह, वरिष्ठ लिपिक विजय कुमार, अरुण त्रिपाठी, कामरान शेख सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई के साथ संगोष्ठी का किया गया आयोजन

● संगोष्ठी में पुलिस अधिकारियों को गुमशुदा बच्चों से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एसओपी के अनुसार विधिक कार्रवाई करने का दिशा निर्देश प्रदान किया गया

अखंड भारत संदेश




संगोष्ठी में शामिल पुलिस अधिकारी

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संतोष राय के निदेर्शानुसार उच्चतम न्यायालय द्वारा (बचपन बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया Civil No. 75/2012) में पारित दिशा निदेर्शों के अनुपालन में जनपद प्रयागराज के समस्त थानों के विशेष किशोर पुलिस इकाई के साथ गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में किया गया।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए समस्त पुलिस अधिकारियों को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निदेर्शों से अवगत कराते हुए गुमशुदा बच्चों के संबंध में उनके प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए ऐसओपी के अनुसार विधिक कार्रवाई करने का दिशा निर्देश प्रदान किया गया। महिमा मौर्या अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा गुमशुदा बच्चों के संदर्भ में एसओपी में दिए गए प्रारूप एवं चेकलिस्ट को विस्तृत रूप से समझाते हुए होने वाले मानव तस्करी से बचाने के संदर्भ में समस्त पुलिस अधिकारियों को किए जाने वाले त्वरित कार्यवाहियों के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। गौरव सिंह, डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल, प्रयागराज द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों से संबंधित प्रकरणों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने के संदर्भ में जागरूक किया गया। इस अवसर पर समस्त थानों के बाल अधिकारी, निशा यादव, वन स्टॉप सेंटर, प्रयागराज व अन्य लोग उपस्थित रहे । यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

# कश्मीर हमले में मारे गए निर्दोष परिवारों के प्रति आक्रोशित भाजपाइयों ने जताई संवेदना, व्यक्त की प्रतिक्रिया

## कहा - कश्मीर हमला किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं, हमले को लेकर देश के लोगों में है बेहद गुस्सा, भारत सरकार के यशश्वी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमितशाह इस आतंकी हमले पर लें कड़ा एक्शन पूरे देश की सहानुभूति है सरकार के साथ

**अखंड भारत संदेश**


प्रेम शंकर सिंह


जय शुक्ला


रामकृष्ण त्रिपाठी


धर्म प्रकाश शुक्ला उफ महादेव


मुकेश शर्मा


विजय बहादुर सिंह

**मेजा।** कश्मीर के पहलग्राम के बैसरन में बीते मंगलवार को पर्यटकों के साथ आतंकवादियों द्वारा की गई बर्बरता पूर्वक हत्या के वारदात की मेजा के भाजपाइयों एवं समाजसेवियों ने कड़ी निंदा करते हुए भारी आक्रोश जाहिर किया है। साथ ही साथ घटना में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के प्रति अपनी सच्ची संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया और देश के यशश्वी पीएम और गृहमंत्री अमितशाह से इस आतंकी घटना के बाबत आतंकियों एवं पाकिस्तान पर कड़ा एक्शन लेने की मांग के साथ अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। भाजपा नेता एवं गिरिराज चैरिटेबल के अध्यक्ष व राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशंकर सिंह ने कश्मीर घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस हृदय विदारक घटना से पूरा देश आग बबूला है। आतंकियों के इस कायराना हरकत का हर कीमत पर बदला लिया जाना चाहिए क्योंकि यह भारत के हिंदुत्व और सनातन संस्कृति के आन बान और शान पर बड़ा अटैक है। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर कांड देश की जनता को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। कुशलपुर दोहथा मांडा के समाजसेवी पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने कश्मीर घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि आतंकियों ने निर्दोष लोगों को शिकार बनाकर भारत जैसे सशक्त देश को खुली चुनौती दिया है जिसका मुंहतोड़ जवाब सरकार को हर कीमत पर देना अनिवार्य हो गया है यही घटना में शहीद हुए निदोर्षों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समाजसेवी एवं रामचंद्र शुक्ल सेवा संकल्प ट्रस्ट के अध्यक्ष जय शुक्ला ने कश्मीर घटना पर बेहद आक्रोश जाहिर करते हुए इस घटना को देश की सबसे दर्दनाक और बड़ी वारदात बताया है। इस घटना पर सरकार को पूरे सिस्टम के साथ पाकिस्तान पर कड़ा एक्शन लेने की आवश्यकता




है ताकि ऐसी वारदात की पुनः पुनरावृति न हो सके। युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता धर्म प्रकाश शुक्ला उर्फ महादेव ने कश्मीर हमले में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकियों ने निर्दोष परिवारों को मारकर देश के यशश्वी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमितशाह को खुलेआम चुनौती दिया है जिसका कड़ा जबाव आतंकियों के साथ साथ पाकिस्तान को देना बेहद अहम हो गया है। युवा नेता ने आगे कहा कि हमारे जैसा पूरे देश के युवाओं की सहानुभूति सरकार के साथ है सरकार को इस घटना पर बिना देर किए पाकिस्तान पर ताबड़तोड़ अटैक शुरू कर देना चाहिए। इसी क्रम में भाजपा युवा नेता मुकेश शर्मा ने कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घटना की लेकर पूरे देश के युवा आग बबूला हैं,आतंकियों ने निदोर्षों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर न सिर्फ उनकी जान लिया है बल्कि देश के शांति सौहार्द बिगाड़ने की हिमाकत किया है जो देश के युवाओं को कतई स्वीकार नहीं है। सरकार इस भयावह वारदात पर कठोर से कठोर एक्शन लेने की जरूरत है। वरिष्ठ समाजसेवी एवं विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत तिग्गा के प्रधान विजय बहादुर सिंह पटेल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि किशोर घटना को लेकर पूरे देश लोगों में बेहद गुस्सा है। इस घटना ने देश के जनता की रूह को हिला दिया है, देश की सुरक्षा के लिहाज से यह आतंकी घटना एक बड़ा सवाल है सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए आतंकियों और पाकिस्तान पर बड़ा और कड़ा एक्शन लेना चाहिए ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो सके। श्री सिंह ने घटना में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते उनकी आत्म की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

## न्यूज झरोखा

### दिल्ली पब्लिक स्कूल ने स्थापना दिवस पर स्कॉलर ट्रॉफी समारोह का आयोजन




**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल, प्रयागराज ने अपने स्थापना दिवस को गरिमा और उद्देश्य के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कॉलर ट्रॉफी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, समर्पण और चरित्र विकास के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे डॉ. अविनाश कुमार श्रीवास्तव, (समन्वयक, गांधी चिंतन एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ।यह समारोह विद्यालय की उस व्यापक शिक्षा दृष्टि को दशार्ता है जो ज्ञान के साथ-साथ आत्मबोध, जिम्मेदारी और संवेदना को भी महत्व देती है। डी0पी0एस0 प्रयागराज का विश्वास रहा है कि हर छात्र में एक अनोखी संभावना होती है जिसे शिक्षा के माध्यम से निखारा जाना चाहिए। कक्षा 12 की छात्रा गरविता कुशवाहा ने कहा, शिक्षा को पाठ्यक्रम से आगे बढ़ना चाहिए पहले चरित्र, फिर कौशल का निर्माण। प्राचार्या डॉ. सुजाता सिंह ने कहा, हर बच्चा अपने भीतर एक संभावना लेकर आता है। शिक्षकों का दायित्व है उसे सही मार्ग दिखाना ।ह्वमुख्य अतिथि ने छात्रों से अच्छे अभ्यास, पठन, खेल और संतुलित जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया। समारोह प्रेरणा और प्रतिबद्धता के संदेश के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय ने समर्पित और संवेदनशील नागरिकों को गढ़ने के अपने उद्देश्य को फिर दोहराया।

### जारी बाजार के व्यापारियों ने पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**कौंधियारा ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीयों को श्रद्धांजलि देने के लिये जारी बाजार के व्यापारी ने गुरुवार शाम कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कैंडल मार्च बाजार के रामलीला मैदान से शुरू हुआ जारी बाजार के करछना रोड चौराहे पर में समाप्त हुआ। यहां शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया । व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब हजारो पर्यटक मौजूद थे, तो पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। कार्यक्रम में वीरेंद्र जायसवाल, श्रीकांत मास्टर, राम कैलाश पांडे, अशोक केसरवानी, बबलू जायसवाल, राजाराम, हर्षित गुप्ता, दीपक ,जितेंद्र केसरवानी, बबलू, अजय मास्टर , शुभ ,मयंक जायसवाल, कपूर अग्रहरि ,शुभम, शिवम, ऋषभ, गोलू ,वीरेंद्र केसरवानी, प्रांशु केसरवानी ,सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। मार्च के दौरान लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए।

### पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में भाजपाइयों ने निकाला कैंडल मार्च



**सहसों।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्भीक और स्वतंत्र रूप से घूम रहे पर्यटकों पर आतंकवादी गोलीबारी में मारे गए नागरिकों के सम्मान में आतंकवादियों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों में मण्डल अध्यक्ष पुष्कर पटेल के अध्यक्षता में चिरौरा चौराहा पर कार्यकताओं ने एक सभा करते हुए कैंडल मार्च निकला गया। यह कैंडल मार्च चिरौरा चौराहा से होते हुए देवनहरी तक ले जाया गया। जहां पर आयोजित शोक सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि अब पाकिस्तान के द्वारा फैलाए गए आतंकवाद को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। कायरता पूर्ण हमले का जवाब भारत कठोरता से देगा भारत सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय का समर्थन करते हुए कहा गया कि खून पानी दोनों साथ नहीं चलेगा। हम पाकिस्तान को पानी देते रहें और आतंकवादी हमारे निर्दोष नागरिकों का खून बहाते रहें अब यह नहीं होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश प्रसाद मिश्रा, गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, पवन कुमार शुक्ला, लक्ष्मीकांत मिश्रा, देवी प्रसाद शुक्ला, राजकुमार जायसवाल, विमल कुमार मिश्रा, शंकर लाल, दीनानाथ पटेल, रमेश कुमार पटेल, प्रसिद्ध नारायण पांडे, लक्ष्मीकांत पांडे, रंजय पटेल, राहुल सिंह सहित आदि कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल रहे

### पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज ने पहलगाम हुए आतंकी हमले के मृतकों की दी श्रृद्धाजंलि




**बारा।** तहसील मुख्यालय बारा खास के पंचायत भवन में पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के तत्वाधान में बैठक आयोजित कर दो मिनट का मौन रख शोक सभा की गई। प्रांतीय अध्यक्ष पी सी पाण्डेय ने धर्म पूंछकर हमला करने वालों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सरकार को उक्त कृत्य का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। इस अवसर पर वक्ताओं ने एक स्वर में आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया। मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ला ने कहा कि ऐसा कृत्य करने वालों पर ऐसी कार्रवाई हो कि भविष्य में दोबारा ऐसा दुस्साहस कोई न कर पाए। शोक सभा मेंप्रदेश अध्यक्ष पी सी पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ल, बारा प्रधान संतोष जायसवाल, मो. अली, राकेश कुशवाहा, माजिद अहमद, राहुल यादव, मनोज यादव, राकेश मिश्रा, मो. सलीम आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# अशरफ की पत्नी ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मारे गए माफिया अतीक-अशरफ से जुड़ा एक और मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। माफिया अशरफ की पत्नी इनामी जैनब फात्मा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। फरार चल रही जैनब फात्मा की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कुर्की की कार्रवाई और गैर जमानती वारंट को चुनौती दी गई है। बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में जैनब के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी है। कुछ महीना पहले पुलिस ने फरार जैनब के घर को कुर्क किया था। अब जैनब ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कुर्की की कार्रवाई और एनबीडब्ल्यू को चुनौती दी है। जैनब की याचिका पर जल्द सुनवाई की उम्मीद है।24 फरवरी 2023 को उमेश पाल की गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्याकांड की साजिश में जैनब को भी आरोपी बनाया गया है। जैनब हत्याकांड में आरोपी बनाए जाने के बाद से फरार चल रही है। पुलिस ने जैनब की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है।

**मोस्ट वांडेट शाइस्ता-जैनब**

यूपी की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शुमार माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन माफिया अशरफ की पत्नी जैनब फात्मा को अब तक सभी एजेंसियों के रडार से दूर हैं। जैनब को पुलिस, एसटीएफ, लोकल इंटीलिजेंस तलाश रही है तो शाइस्ता को इन तीनों एजेंसियों के अलावा ईडी भी तलाश रही है।यूपी के टॉप माफिया गैंग आईएस 227 अतीक गैंग के परिवार की इन महिलाओं के लिए यूपी पुलिस आठ राज्यों में हुक्म तहरीरी जारी कर चुकी है। सभी राज्यों को बताया गा है कि ये महिलाएं वांटेंड हैं, कोई जानकारी मिले तो तत्काल सूचना दें।इसी तरह दिल्ली एयरपोर्ट समेत चुनिंदा एयरपोर्ट पर इनके बारे में जानकारी और फोटो भेजी गई है। शाइस्ता प्रयागराज कमिश्नरेट से 50 हजार रुपये की इनामी है। कहा जा रहा है कि आईएस-227 गैंग की कमान शाइस्ता को सौंपने की तैयारी है।

# आज दोपहर 12:30 बजे घोषित होंगे यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम




**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का परिणाम आज शुक्रवार को 12:30 बजे घोषित होगा। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकृत 54 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म हो जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव व सचिव भगवती सिंह द्वारा बोर्ड मुख्यालय से दोपहर 12:30 बजे परिणाम घोषित किया जाएगा। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in और upresults.nic.in पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि इस वर्ष प्रदेश के 8,140 केंद्रों पर 27,32,216 परीक्षार्थी हाईस्कूल व 27,05,017 विद्यार्थी इंटर के पंजीकृत थे।

# पंचायत उप चुनाव में रीता देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बघेडा में महीनों से रिक्त पद पर हुए उपचुनाव में रीता देवी निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने सहायक विकास अधिकारी उदय भान ने रीता देवी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया बतादे कि विकास खंड करछना ग्राम पंचायत बघेडा में निर्वाचित महिला प्रधान रामपति का 17 दिसंबर 2024 को लम्बी बीमारी के दौरान निधन हो गया था, दूबारा हुए उपचुनाव में मृतक रामपति की पुत्र बधु रीता देवी और सीमा देवी दो नामांकन दाखिल किया गया था जिसमें ऐन वक्त पर सीमा देवी ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया जिससे रीता देवी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दी गई, गुरुवार को विकास खंड करछना मुख्यालय पर सहायक विकास अधिकारी उदय भान ने निर्विरोध निर्वाचित महिला प्रधान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उपस्थित ब्लाक कर्मियों में मनीष शुक्ला, धीतेश तिवारी, दीपेश सिंह, हंसराज सिंह, आंनद कुमार सहित कर्मियों ने निर्विरोध निर्वाचित महिला प्रधान को जीत की हार्दिक बधाई दी।

# बभनी हेठार के मां दुर्गा मंदिर पर संचालित सनातन धर्म साप्ताहिक महोत्सव का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** विश्व हिंदू महासंघ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मां दुर्गा मंदिर बभनी हेठार में संचालित कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक मंडल प्रभारी गौरक्षा नीरज कुमार द्विवेदी द्वारा गंगा पुत्रों को सम्मानित किया गया और उन्हें उपहार स्वरूप गंगा पात्र बाल्टी देते हुए नीरज द्विवेदी ने कहा कि संघठन में महंत गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी नाथ और प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के मार्गदर्शन मिलना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर गुजरात वाले स्वामी समर्थ रामदास जी महाराज भी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति में गंगा पुत्रों को सम्मानित किया गया और सामाजिक समरसता सहभोज के साथ साथ गौ रक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रयागराज मंडल के नेतृत्व में मंडल प्रभारी नीरज द्विवेदी द्वारा गौ रक्षकों को वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। इसके अलावा गंगा नहाने वाले सामाजिक व्यक्तियों को भी अंग वस्त्र एवं गंगा पात्र बाल्टी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सामाजिक समरसता के साथ महा हवन एवं भंडारा चलाकर लोगों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा के लिहाज से मांडा पुलिस तत्पर रही। इस मौके पर शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी,गौरक्षा आशुतोष त्रिपाठी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, अजय मिश्रा, जिला प्रभारी, हरिकेश शुक्ला जिला अध्यक्ष प्रयागराज, माधव शुक्ला, सुनील कुमार बल्ली, अरविंद प्रताप सिंह, अजय सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी जी, अवधेश द्विवेदी, अजय गुप्ता, सुधाकर पांडे, शुभम गिरी, दीपू दुबे, सत्यम द्विवेदी और मोहित पाल तथा अतुल तिवारी आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह भारत स्काउट गाइड उ.प्र.प्रयागराज के नवनियुक्त जिला मुख्यायुक्त

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के जिला मुख्यायुक्त / जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह को प्रदेश मुख्य आयुक्त प्रभात कुमार द्वारा भारत स्काउट गाइड जनपद प्रयागराज का मुख्य आयुक्त बनाया गया है । स्वागत सम्मान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ । भारत स्काउट गाइड के प्रबंधक कुबेर सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर तथा जिला सचिव कमलेश द्विवेदी, जिला कमिश्नर गाइड डॉ आकांक्षा केसरी, नोडल सुरेंद्र प्रताप सिंह व तीर्थराज पटेल द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।

नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त/जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने भारत स्काउट गाइड के समस्त नोडल व स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन की एक समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने पिछले वर्ष की संपूर्ण कार्यों की समीक्षा की और आगामी शैक्षिक वर्ष 2025 - 26 हेतु वार्षिक कैलेंडर बनाकर भारत स्काउट गाइड की संपूर्ण गतिविधियों को क्रियान्वयन करने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव तथा निर्देश दिए। अपने वक्तव्य में कहा कि प्रयागराज में वर्ष 2025 में आयोजित महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में प्रयागराज के स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन तथा स्काउट गाइड बच्चों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी की भूरि भूरि प्रशंसा की साथ ही उत्कृष्ट सेवा हेतु डॉ आकांक्षा केसरी सुरेंद्र प्रताप सिंह, तीर्थराज पटेल को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर द्वारा प्रदत्त प्रशस्ती पत्र प्रदान किया तथा आगे भी इसी तरह से सभी को बढ़-चढ़कर सेवा भाव एवं सामाजिक कार्य करते रहने की प्रेरणा तथा शुभकामनाएं दी। जिससे देश व समाज का विकास हो सके। जिला मुख्य आयुक्त पी एन सिंह जी ने बेसिक एवं माध्यमिक दोनों विभागों में स्काउट को बढ़ावा देने के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई कि जो जिम्मेदारी प्रदेश मुख्य आयुक्त द्वारा प्रदान की गई है उसको पूर्ण करने का पूरा प्रयास करूंगा। सभी को अपने विद्यालयों में नये दलों का पंजीकरण, जिला अंश जमा करवाना, आजीवन सदस्यता बनने के लिए कहा । इस अवसर पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, प्रभाकर त्रिपाठी, डीओसी गाइड गायत्री यादव, सावित्री यादव, बीपी सिंह नामवर पांडे, इरशाद अहमद, प्रिया कक्कड़, दर्शी श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह, सोनू सिंह, आकांक्षा कुशवाहा आदि जनपद के सभी स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।

# नैनी में यूपीएससी टॉपर शक्ति दुबे को बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं ने यूपीएससी की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रयागराज जिले के नैनी क्षेत्र के मामा भांजे तालाब के रहने वाली शक्ति दुबे के आवास पर जाकर उनको बधाई दिया भाजपा के कार्यकताओं ने वही प्रयागराज जिले के महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि ऐसे बेटियों पर गर्व होना चाहिए सभी को इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रजत दुबे पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी पार्षद संजय पार्षद बलराज पटेल श्याम मिश्र मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा दिनेश पटेल समर सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता नरसिंह आदि लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर नव निर्मित सचिवालय का हुआ भव्य उद्घाटन, खुशी

**अखंड भारत संदेश**



पंचायत भवन का भव्य उद्घाटन के बाद अधिकारी संग ग्रामीण

**सोरांव।** ब्लॉक क्षेत्र के शहावपुर कलस्टर के ग्राम पंचायत बहोरिकपुर में नव निर्मित ग्राम सचिवालय का उद्घाटन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर भव्य तरीके से किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने फीता काट कर भवन का उदघाटन किए। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर रही।

अभी तक ग्राम पंचायत बहोरिकपुर में गांव का विकास का खाका तैयार करने संग अधिकारियों के बैठने के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा कोई भी सरकारी भवन नहीं रहे। जिसको लेकर विकास कार्य में बांधा उत्पन्न हो रही थी। जिसके लिए सचिव सुरेंद्र प्रसाद संग ग्राम प्रधान सानिया यादव पत्नी नागेंद्र यादव ने अथक परिश्रम से राजस्व विभाग की मदद से भूमि का सीमांकन करवाकर लाखों की लागत से एक भव्य ग्राम सचिवालय का निर्माण करवाए। जिसका बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी संग खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल संग ग्राम प्रधान पति बारी जंग बहादुर पटेल, ग्राम प्रधान रविराज सोनकर, विजेंद्र यादव संग अधिकारियों की उपस्थिति में भव्य उद्घाटन फीता काटकर किया गया। जिसमें गांव की सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे। अब गांव के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। बल्कि जानकारी पंचायत भवन पर ही मिल जाएगी। जिससे ग्रामीणों में खुशी रही।

# आतंकी हमले को लेकर नहीं थम रहा आक्रोश, हुआ विरोध प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना में अटठाईस पर्यटकों की हत्या को लेकर लोगों का आक्रोश गुरूवार को भी चरम पर दिखा। अधिवक्ताओं ने तहसील में घटना के विरोध में कामकाज का बहिष्कार किया। वही आक्रोशित अधिक्ताओं ने तहसील गेट से लेकर सीओ कार्यालय तक पाकिस्तान मुदार्बाद का नारा लगाते विरोध मार्च निकाला। वहीं बुधवार की शाम व्यापारियों ने कैण्डिल मार्च निकालकर आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरूवार की सुबह संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में आम सभा में आतंकी घटना की निन्दा हुई। आमसभा में घटना से नाराज वकीलों ने कामकाज के बहिष्कार का ऐलान किया। इसके बाद आक्रोशित वकील पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते सड़क पर निकल पड़े। वकीलों ने तहसील गेट से सीओ कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल, उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, संतोष पाण्डेय, दिनेश सिंह, घनश्याम मिश्र, सिंटू मिश्र, राजेश पाल, अरविन्द पाण्डेय तपन, राजेश द्विवेदी आदि अधिवक्ता रहे। इधर आतंकवादी घटना को लेकर व्यापारियों ने भी बुधवार की शाम कैण्डिल मार्च निकाला। व्यापारियों ने चैक पर शोक सभा कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शत्रुघ्न शुक्ला, रमेश कौशल, दिनेश जायसवाल, जगदीश कौशल, वीरू कौशल, मिथलेश जायसवाल, रामजी जायसवाल आदि व्यापारी रहे।



कैण्डिल मार्च निकालकर आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग


विरोध प्रदर्शन करते लोग

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला फूंका




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकताओं ने अम्बेडकर चैराहे पर नारेबाजी करते हुए आतंकवाद और पाकिस्तान के पुतले पर जूते की माला पहनाते हुए पुतला दहन किया गया।

जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में अम्बेडकर चैराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट हुए। कार्यकताओं ने पकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने पहलगाम हमले में मृतक 27 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के साथ इस मसले पर पूरा देश एकजुट खड़ा है। वह अपना कलेजा बड़ा करें और इस दुस्साहिक घटना का आतंकवादियों को माकूल जवाब दे। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरीके से आतंकवादियों द्वारा 27 निर्दोष हिन्दुस्तानियों को गोलियों से छलनी कर दिया गया, सरकार से सवाल होना लाजमी है, दो हजार लोग वहां पर थे, पर्यटक थे, विदेशी थे, और वहां पर एक भी कांस्टेबल व सेना का जवान नहीं था। जबकि पहलगाम बहुत ही संवेदनशील इलाका है। वहां से अमरनाथ की यात्रा शुरू होती है। इस दौरान कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा,जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव मो. हुजैफ, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, प्रदीप द्विवेदी, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, जिला सचिव के.के. शुक्ला, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, जिला सचिव मो. दिलशाद, श्याम शंकर तिवारी, सोनी तिवारी, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, रियाज सुलतान, आशीष शुक्ला, मो.साहिल, नगर प्रभारी इश्तियाक अहमद, बेलाल अहमद, मीरा देवी, सलमान खान, अरबाज आलम, शहजाद सलमानी, अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।

## गैस रिसाव में मृतका का हुआ अंतिम संस्कार, गांव में गम का माहौल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर के भंवरी सराय में गैस रिसाव के विस्फोट में तीन मासूमो का परिजनों ने रोते बिलखते अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं लखनऊ मेडिकल कालेज में बुधवार की दोपहर इलाज के दौरान विजय कुमार की पुत्री प्रिया का भी निधन हो गया था। मृतका प्रिया का बुधवार की रात जिला अस्पताल में पीएम कराया गया। प्रिया की मौत को लेकर भी तहसील प्रशासन ने गुरूवार को आश्रित परिजनों के लिए चार लाख की शासकीय अहेतुक सहायता की रिपोर्ट डीएम को भेजवायी है। प्रिया का शव बुधवार की देर शाम गांव पहुंचा। दुखी परिजनों ने पहले तो उसका गांव में ही एक कब्र खोदकर शव दफन कर दिया था। जानकारी मिलने पर लालगंज एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार आननफानन में देर रात गांव पहुंचे। गांव के प्रधान व समझदार लोगों ने पीड़ित परिवार को समझाया बुझाया। इसके बाद प्रशासन की मौजूदगी में प्रिया का शव कब्र से निकलवाया गया। देर रात ही पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजवाया। गुरूवार की सुबह करीब पांच बजे पीएम के बाद शव घर पहुंचा। परिवारीजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं रिसाव से हुई चार-चार मौतों के बाद गुरुवार को भी गांव में मातम भरा सन्नाटा पसरा दिखा।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर फूंका पुतला


विरोध प्रदर्शन करते लोग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** पहलगाम में आतंकवादियों ने हिन्दुओं की निर्मम हत्या कर दी। जिसमें 27 हिन्दुओं की जान चली गयी। इस हमले से पूरा देश दहल गया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

पट्टी कस्बे में बजरंग दल जिला संयोजक प्रिन्स बरनवाल के नेतृत्व में गुरुवार को दिन में करीब चार बजे आतंकी हमले में मारे गए हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी गई। विरोध में पाकिस्तान का झण्डा जलाया गया। पाकिस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान होश में आओ का नारा लगाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। उक्त अवसर पर राम चरित्र वर्मा, अमरेन्द्र, विक्रम सिंह, विकास तिवारी, वेद प्रकाश गुप्ता, शिवकुमार सोनी, किशन सिंह, आलोक सोनी, नन्दन चतुर्वेदी, अधिवक्ता शुभम शाण्डिल्य, लोकेश सिंह, रामू जायसवाल, शशांक सिंह, संसार सिंह, अमित पाण्डेय, विकास तिवारी, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दस लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास का सौंपा गया स्वीकृति पत्र


स्वीकृति पत्र के साथ लाभार्थी

**बेलखरनाथ धाम।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान पंचायती राज दिवस पर विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम के सभागार में एक गोष्ठी आयोजित की गई।जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना में पर्यटकों के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एडीओ पंचायत राजू भारतीय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपते हुए कहा कि पंचायती राज विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में लाभार्थियों व ग्रामीण को विभिन्न जानकारी दी गई। गांव में हर व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के गहरीचक, करनपुर खूंझी, यहियापुर गांव के दस लाभार्थी जाहिदा, मोहम्मद अल्ताफ,सरवरी बेगम हसीना बानों सहित अन्य गांव के लाभार्थी स्वीकृति पत्र लेने पहुंचे थे। इस दौरान एडीओ आईएसबी कृष्ण कुमार यादव, संजय शुक्ला, सचिव संचित तिवारी, रोहित सिंह, नीलेश कुमार, क्षमा शंकर पांडेय, शिव कुमार, सुरेश कुमार, असलम अंसारी, राजू तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी सुनील प्रभाकर पांडे ने किया।

## पिता ने बेटे को मारपीट कर घर से भगाया, बेटे ने दी तहरीर

**पट्टी।** पिता ने बेटे को मारपीट कर सामान बाहर फेंकते हुए घर से भगा दिया व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पिता के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पट्टी खास गांव निवासी सूरज कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने पिता की पहली पत्नी की संतान है। उसकी मां की मृत्यु के बाद उसके पिता ने चार शादियां की है। मां की मृत्यु के बाद से ही उसे पिता द्वारा मारने पीटने के साथ प्रताड़ित किया जाता रहा है। आरोप है कि गुरुवार को उसके पिता ने उसे जमकर मारा पीटा और उसका सारा सामान घर के अंदर से बाहर फेंक दिया और घर से भगा दिया। धमकी दिया कि दोबारा घर के अंदर घुसे तो जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने गुरुवार को पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# रिक्तियों में आवेदन हेतु रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**● विभागों की 300 से अधिक प्रकार की आउटसोर्सिंग रिक्तियां पोर्टल पर**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रोजगार संगम पोर्टल का विकास किया गया है। वर्तमान में रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से जनपद प्रतापगढ़ के बेरोजगार अभ्यर्थी विभिन्न शासकीय विभागों की संविदा व आउटसोर्सिंग रिक्तियों में आवेदन कर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिये अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। उन्होने बताया है कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण हेतु सर्वप्रथम रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में ओपेन करें, रोजगार संगम पोर्टल के डैशबोर्ड पर उपलब्ध न्यू एकाउन्ट के अन्तर्गत जॉबसीकर टैब को ओपेन करें। साइन अप माड्यूल में उपलब्ध समस्त विवरण यथा-नाम, आधार संख्या, ई-मेल, मोबाइल नम्बर, जन्मतिथि, स्वनिर्मित यूजर आईडी व पासवर्ड भरकर वेरीफाई आधार विकल्प पर क्लिक करें। तत्पश्चात अभ्यर्थी आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी से अपना एकाउण्ट सत्यापित करें। सत्यापन के उपरान्त एकाउण्ट क्रियाशील हो जायेगा। पुनः अभ्यथ्री स्वनिर्मित यूजर आईडी व पासवर्ड में लागिन कर अपना समस्त विवरण पोर्टल पर अंकित करें। समस्त सूचना अंकित कर स्वघोषणा के उपरान्त अभ्यर्थी एक्स-10 रिपोर्ट (पंजीकरण रसीद) डाउनलोड कर सकते है। पंजीकरण की वैधता तीन वर्ष की है जिसे तीन वर्ष बाद पंजीकरण पर उपलब्ध नवीनीकरण लिंक के माध्यम से उसकी वैधता बढ़ाई जा सकती है। उन्होने रोजगार संगम पोर्टल पर रिक्तियों में आवेदन की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बताया है कि रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड से लागिन करें। समस्त रिक्तियॉ विकल्प में जाकर किसी एक फिल्टर का चयन यथा वेतन सीमा, विभाग, शैक्षिक योग्यता, इत्यादि करें। इच्छिक रिक्ति में रिक्त विवरण विकल्प का चयन करने के उपरान्त आवेदन करें, टैब को क्लिक करें जिससे आपकी प्रोफाइल पर आवेदन सफलता पूर्वक सुरक्षित किया गया का संदेश प्रदर्शित हो जायेगा। अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टलपर पंजीकरण करा सकते है। उन्होने यह भी बताया है कि वर्तमान में रोजगार संगम पोर्टल पर विभिन्न शासकीय विभागों की 300 से अधिक प्रकार की आउटसोर्सिंग रिक्तियां विभिन्न पदों यथा-कम्प्यूटर आपरेटर, असिस्टेन्ट एकाउन्टेन्ट, फॉयर सेफ्टी आफिसर इत्यादि प्रदर्शित हो रही है।

## न्यूज झरोखा

### तमंचे की नोंक पर छात्रा के अपहरण का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** दुस्साहसिक बदमाशों ने तमंचे की नोंक पर दिनदहाड़े विधि स्नातक की छात्रा के अपहरण का प्रयास किया। बदमाशों ने बदनीयती से छात्रा के साथ गालीगलौज करते हुए उसे जानलेवा धमकी भी दी। लालगंज कोतवाली के एक गांव की छात्रा कस्बे के समीप एक लॉ कालेज में विधि स्नातक प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है। गुरूवार को वह कालेज से पढ़ाई कर घर वापस जा रही थी। गांव के करीब एक किलोमीटर पहले पड़ोसी गांव के एक आरोपी ने दो साथियों के साथ छात्रा को जबरिया रोक लिया। आरोपी ने छात्रा को गाली देते हुए कनपटी पर तमंचा सटा दिया। आरोपी ने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर छात्रा के अपहरण की मंशा से बदनीयती के साथ उसका हाथ पकड़कर बाइक पर बैठाने लगे। छात्रा ने विरोध किया तब आरोपी ने उसे जान से मार देने की धमकी दी। इस बीच पीड़िता की चीख सुनकर गांव के कुछ लोग वहां पहुंच गये। गांव के कुछ लोगों को वहां आता देख आरोपी के दोनों साथी भाग निकले। इस बीच गांव के लोगों को देख छात्रा ने भी साहस का परिचय देते हुए आरोपी की बाइक की चाभी निकाल ली। सूचना पाकर परिवार के सदस्य भी वहां पहुंच गये। ग्रामीणों व परिवारीजनों ने आरोपी को पकड़कर उसे रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी के हवाले कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली मे पुलिस को सुबकते हुए बताया कि इसके पहले भी आरोपी उसे कई बार बदनीयती से परेशान कर चुका है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

### नालियों की साफ-सफाई व अवैध अतिक्रमण हटाने की हुई कार्यवाही

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार ने बताया है कि संचारी रोग के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाकर मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं बचाव हेतु नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा गायघाट रोड शिव मंदिर से बीएसएनएल आफिस दहिलामऊ दक्षिणी में नाला गैंग के माध्यम से नालियों की साफ-सफाई कार्य कराते हुये सिल्ट आदि का निस्तारण कार्य कराया गया। साथ ही नालियों में मैलाथियान, डेल्टाफाग, ब्लीचिंग पाउडर, सोडियम हाइपोक्लोराइड एवं टेमीफास का छिड़काव कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा समस्त वार्डो में रोस्टर के अनुसार फागिंग कार्य कराया जा रहा है। शासन के निर्देश के क्रम में निकाय क्षेत्रान्तर्गत बैनरध्होर्डिंग हटाये जाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक सड़क व नालेध्नालियों पर गुमटी ठेला आदि से किये गये अवैध अतिक्रमण भंगचा चुंगी से बलीपुर रोड होते हुये ट्रेजरी चैराहा तक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किये जाने की कार्यवाही की गयी।

### अल्प आयु के बच्चों को जलस्त्रोत के समीप न जाने दे : अपर जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) आदित्य प्रजापति ने डूबने से होने वाली जनहानि की रोकथाम हेतु एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि अल्प आयु के बच्चों को जलस्त्रोत के पास खेलते समय सावधानीपूर्वक निगरानी तथा उन्हें कभी भी अकेले कुआं, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाला, गड्ढा, जल प्रपात या अन्य किसी जल स्त्रोत के समीप न जाने दे। तैराकी कौशल के अभाव में कुआं, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाला, गड्ढा, जल प्रपात या अन्य किसी जल स्त्रोत में न जाने दें। नदी, नहर, तालाब, पोखर या अन्य जल स्त्रोतो के पास चेतावनी बोर्ड लगाना जिसमें सुरक्षा-बचाव निर्देश एवं संकेत अंकित हो एवं इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें। डूबने से बचाव हेतु बच्चों की भेद्यता, त्योहारों के समय संवेदनशील स्थानों और घाटों पर जागरूकता एवं निगरानी तंत्र स्थापित करना तथा क्या करें और क्या न करें का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार प्रसार कराये। संवदेनशील स्थानों पर समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को जागरूकता बढ़ाने में शामिल करें, स्कूली बच्चों को जल सुरक्षा, नहर, गड्ढा, जल प्रपात आदि के समीप सम्बन्धित विभाग (पंचायती राज विभाग, मनरेगा, जल निगम-शहरी व ग्रामीण, लघु सिंचाई विभाग) चेतावनी नोटिस बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देशित किया है कि जनपद की समस्त तहसीलों में डूबने के कारण होने वाली जनजानि, समस्त क्षति की रोकथाम और जोखिम को न्यूनतम किये जाने के दृष्टिगत समस्त संवेदनशील स्थानों पर सावधानी एवं बचाव के उल्लिखित उपायों का प्रत्येक दशा में प्रचार प्रसार एवं अनुपालन सुनिश्चित करायें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, बुजुर्ग महिला की बची जान

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत रामगंज बरचैली वार्ड नं 8 की रहने वाली निर्मला देवी पत्नी शिव प्रसाद चैहान ने बताया कि वह कमरे में सो रही थी कि एक बजकर तीस मिनट पर रात में आग लगने से वह उठ गई। आग देखकर किसी तरह भाग कर हल्ला गुहार मचाई और ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया जा सका। फायर ब्रिगेड भी आई थी। पर तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा चुके थे। जान बचाकर भागते समय निर्मला देबी को गिरने से चोट भी लग गई। पीड़ित महिला का आरोप है कि यह आग किसी ने लगाई है।कपडे मे कोई केमिकल डालकर आग लगाकर फेका गया था। जो कि कपडा वहा मिला है। गंध भी आ रही थी । मौके पर लाइटर और ढक्कन भी मिला है। किसी की साजिश है हमारे घर में इलेक्ट्रिक केबल सब अंडर ग्राउंड है शॉर्ट सर्किट का कोई सवाल ही नहीं बनता और सीसीटीवी कैमरा दो महीना से खराब था। निर्मला देवी के पांच बच्चे हैं जो बाहर रहते हैं। घर पर केवल वृद्ध महिला निर्मला देवी ही रहती है।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव में सभी नामांकन पत्र हुए वैध

**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में गुरूवार को नामांकन पत्रों की हुई जांच में अध्यक्ष पद समेत सभी पदों पर दाखिल अधिवक्ताओं के नामांकन पत्र वैध पाये गये। लाइब्रेरी हाल में हुई समिति की बैठक को लेकर जांच के समय अधिवक्ताओं की भी खासी भीड़ जमा देखी गयी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आज शुक्रवार को नामांकन पत्र वापसी दिन में तीन बजे तक की जा सकेगी। इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम अधिकृत सूची जारी की जाएगी। बैठक मे एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, कमलेश तिवारी, शिवाकांत उपाध्याय, राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, घनश्याम सरोज, इरफान मौजूद रहे।

# आधार कार्ड बनाने को लेकर पोस्टमैन से हाथापाई

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** आधार कार्ड बनाने को लेकर दो युवकों ने पोस्टमैन से हाथापाई की है। सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित फरार हो गए।

कंधई थाना क्षेत्र के बीघा गांव निवासी सुरेश कुमार सरोज दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शीतलागंज उपडाकघर में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत है। गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे डाकघर के समीप खड़े दो युवक पहले अपना आधार कार्ड बनवाने का दबाव बनाने लगे।जिस पर पोस्टमैन ने कहा कि जो जैसे लाइन में खड़े हैं उसी हिसाब से बनेगा आप अपने बारी आने का इंतजार करिए। इसी बात को लेकर दोनों युवक पोस्टमैन से हाथापाई और गाली गलौज करने लगे।इस दौरान चैराहे पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पोस्टमैन ने पुलिस को दी मौके पर जब तक पुलिस पहुंची आरोपित फरार हो गए।आरोपितों द्वारा की गई हाथापाई चैराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। शीतलागंज उप डाकघर में आधार कार्ड नवीनीकरण और सुधार को लेकर लगातार भीड़ बढ़ रही है और आसपास के कुछ युवक अपने परिचितों का आधार पहले बनवाने का दबाव बनाते हैं। एसओ दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।तहरीर मिलने पर जांच की जायेगी।


मौके पर जुटी लोगों की भीड़

## जमीनी विवाद को लेकर युवक की पिटाई

**पट्टी।** स्टे के बाद भी जमीन में स्थित आम के पेड़ को काटने का विरोध करने पर युवक की पिटाई की गई। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डडवा गांव निवासी भोलानाथ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि एक भूमिका वाद सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रतापगढ़ में विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश भी दिया गया है जो वर्तमान समय में प्रभावी है। इसके बावजूद विपक्षी इसी विवादित जमीन पर स्थित आम के पेड़ को काट रहे थे। जब वह रोकने गया तो उसे जमकर मारा पीटा गया। उसपर पालतू कुत्ता छोड़ दिया गया और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने गुरुवार को एसपी समेत उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# न्यायपालिका में जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने हेतु अधिवक्ता परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**● लोक विश्वास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है न्यायपालिका की पारदर्शिता व उत्तरदायित्व : किरण बाला सिंह**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यो व अन्य अधिवक्ताओं संग गुरुवार को राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह व परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में उच्च न्यायपालिका में जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने से सम्बन्धित अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा दस विंदुओं पर पारित प्रस्ताव की प्रति का ज्ञापन तीन सेटों में डीएम शिव सहाय अवस्थी को सौंपा गया। परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने बताया कि उच्च न्यायपालिका में सुचिता, पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने को लेकर गत दिनों आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दस विंदुओं को लेकर प्रस्ताव पारित किया था। उक्त सम्बन्ध में परिषद के अवध प्रांत की प्रांतीय महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह के निर्देश पर गुरुवार को महामहिम राष्ट्रपति महोदया और मुख्य न्यायामूर्ति सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली को सम्बोधित डीएम को सौंपा गया है। राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह ने कहा कि पारित प्रस्ताव की प्रति और न्यायपालिका की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और लोक विश्वास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश गुप्ता, परिषद के कोषाध्यक्ष भारत लाल वैश्य, उपाध्याय रवि सिंह, सदर संयोजक राहुल सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजाराम, जया शर्मा, आशीष गुप्ता, सतीश दुबे, अभिषेक शर्मा, पंकज पांडेय, रुप नारायण, अवनीश, मोनू , आकाश, अजीत शर्मा, प्रेम कुमार त्रिपाठी सहित आदि अधिवक्तागण शामिल रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए

# आईएएस में 665 वीं रैंक प्राप्त करने वालें साकेत सिंह को डीएम ने साल ओढ़ाकर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** संघ लोक सेवा आयोग की सर्वोच्च परीक्षा आईएएस में अपने दूसरे प्रयास में 665वीं रैंक प्राप्त करने वाले जनपद कौशाम्बी के साकेत सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम-कोरीपुर पोस्ट-बैरमपुर जनपद कौशाम्बी को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में पुष्प गुच्छ देकर एव साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप कौशाम्बी जनपद के नौजवानों के लिए प्रेरणाश्रोत बनकर उभरें है, आपसे और भी लोग सीख प्राप्त करके आगामी इसी तरह की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने साकेत सिंह से अपने अनुभव साझा किये एवं साकेत सिंह ने जिलाधिकारी से कैडर सम्बन्धित कई जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उनका हौंसला अफजाई करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कॉमना की। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी के लिए यह गर्व की बात है कि जनपद से 03 अभ्यर्थियों ने आई0ए0एस0 की परीक्षा पास किया है। इससे नौजवानों को प्रेरणा मिलेंगी कि मेहनत कभी खराब नहीं जाती, सफलता आज नहीं तो कल जरूर मिलेंगी।

## विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:30 बजे से मध्यान्ह 12:30 बजे तक

**कौशाम्बी।** डीएम मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में वर्तमान में बढ़ती गर्मी (हीट वेव) को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल के दृष्टिगत 24.04.2025 से अग्रिम आदेश तक जनपद कौशाम्बी के बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा 1 से कक्षा-8 तक संचालित समस्त परिषदीय राजकीय सहायता प्राप्त व अन्य समस्त बोर्डो से मान्यता सहायता प्राप्त अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:30 बजे से मध्यान्ह 12:30 बजे तक किया जायेगा। उक्त आदेश डॉ कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशांबी ने दिया है।

## मिशन शक्ति के तहत जिले में चलाया गया है बड़े पैमाने पर अभियान

**कौशाम्बी** नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में जिले के विभिन्न थाना पुलिस ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया है और उन्हें अधिकारों के प्रति जानकारी दी है चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जाकर बालिकाओं को उनके अधिकारों के संबंध मे बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## पुलिस टीम द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना कड़ा धाम पुलिस बल सहित संपूर्ण जिले के थाना पुलिस टीम द्वारा भीड़भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में पैदल गस्त की गई तथा आमजनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया। वाहनों को चेक किया गया और लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया गया।

## विद्यालय का ताला तोड़ नगदी समेत कीमती सामान चोरी

**कौशाम्बी।** विद्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने पंद्रह हजार रुपए समेत कीमती सामान उठा ले गए। विद्यालय प्रबंधक को चोरी की घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने स्थानीय थाना में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के उस्मानपुर बिगहरा गांव निवासी मोहम्मद इकबाल पुत्र अब्दुल रहमान ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया कि 21.04.2025 को समय 2.30 चौधरी हाजी रहमान हायर सेकेण्ड्री कालेज मे अज्ञात चोरो द्वारा आफिस का ताला तोडकर पंद्रह हजार रुपए समेत लैपटाप, एलईडी, टी0वी0, डीवीआर, आटो बैटरी सहित अन्य कीमती सामान उठा ले गए।

## न्यूज झरोखा

### पहलगाम में आतंकवादी हमले के खिलाफ आक्रोश निकाला कैंडिल मार्च



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कस्बे में गुरुवार को व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में हुए हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दी है जुलूस निकाल रहे लोगों में आक्रोश साफ दिखाई पड़ रहा था लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की लोगो ने कहा कि आतंकवाद समाज के लिए कलंक है और उस पर हिंदुओं की पहचान करके लक्षित हत्या किया जाना यह दिखाता है कि हिंदुओं पर यह धार्मिक हमला था जिसका निशाना पूरा समाज था जिससे पूरे आबादी पर असर पड़े आतंकवाद का यह इस्लामी चेहरा बहुत ही भयावह है। इसके खिलाफ यदि सरकार कठोर कार्रवाई नहीं करती है तो पूरा हिंदू समाज संघर्ष करने के लिए बाध्य होगा।केंद्र की सरकार को तत्काल आतंकवादी व आतंकवादियों के समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए इस पूरे घटना से पूरे देश का हिंदू आक्रोश में है।इस मौके पर आशीष कुमार केसरवानी बच्चा भाई मुकुंदी लाल नेताजी कल्लू सोनी अमरेश कुमार कल्लू पांडा अंकित केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे

### जन समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को समय के अंतर्गत त्वरित न्याय मिले उन्होंने कहा कि थानेदार कोशिश करें कि थाने में फरियादियों की समस्याओं का समाधान हो न्याय पाने के लिए फरियादियों को जिला ना आना पड़े।

### अर्का फतेहपुर पावर हाउस से विद्युत सप्लाई एक दिन रहेगी बंद

**33 के वी में मरम्मती करण को लेकर 25 अप्रैल को समय 10 से 4 बजे शाम तक विद्युत सप्लाई रहेगी ठप**

**करारी कौशाम्बी।** अर्का फतेहपुर पावर हाउस में 33 के वी सप्लाई ठप कर कार्य किया जाएगा, जोकि विद्युत सप्लाई एक दिन ठप रहेगी अर्का फतेहपुर पावर हाउस के जेई निसार अहमद ने जानकारी देते हुए बताया है कि 25 अप्रैल को समय 10:00 से 4:00 बजे शाम तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी, उपखंड अधिकारी सराय अकिल विनय सिंह ने मीडिया के माध्यम से 6400 उपभोक्ताओं को यह सूचित कर रहे है कि वह समय से अपना आवश्यक कार्य कर लें ताकि उन्हें उपभोक्ताओं को समस्या का सामना न करना पड़े 25अप्रैल समय 10:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक विद्युत सप्लाई ठप होने से जो भी उपभोक्ताओं को समस्या पहुंचेगी उसे समस्या के लिए हमें खेद है और 33 केवी की मरम्मत हो जाने के बाद विद्युत सप्लाई की बार-बार कटौती से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



## दर्जनों युवाओं ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**कौशाम्बी।** जम्मू कश्मीर प्रदेश के पहलगाम में हुए पाकिस्तान आतंकी हमले में मारे गए लोगों से पूरे देश में आक्रोश का माहौल है इस कायराना और बर्बरता पूर्ण हमले से जहां कश्मीर में हाई अलर्ट है वहीं भारत में जगह-जगह पाकिस्तान के पुतले जलाए जा रहे हैं आज कौशांबी के समदा चौराहे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी विनय पाण्डेय के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने पाकिस्तान का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए और सरकार से मांग रखी कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को तुरंत एक्शन में आकर के पाकिस्तान को तुरंत कड़ा से कड़ा जवाब देना चाहिए जो उसे सदियों तक याद रहे और दोबारा इस तरह की हिमाकत न करें इस विरोध प्रदर्शन में अंकित तिवारी पवन तिवारी दीपक सरोज मनदीप साहू करण तिवारी देव तिवारी मारकंडे तिवारी कुलदीप सरोज अंशुल केसरवानी सुमित त्रिपाठी आर्यन त्रिपाठी दीपक पांडे किशन सहित दर्जनों युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**कौशाम्बी।** काली थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक मौके पर दम तोड़ दिया। लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को अस्पताल तक पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के कटाहुला गांव निवासी धनोज कुमार पुत्र नत्थू लाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बुधवार के दिन लगभग 2 बजे दोपहर को उसका छोटा भाई सनोज कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र नत्थूलाल प्रजापति सराय अकिल मे रहकर बिल्डिंग का कार्य करता था। काम करके बाइक से रूम जा रहा था। रास्ते में पनारा गोपालपुर के पास काली थार गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर काली थार गाड़ी की खोजबीन कर रही है।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए चिकित्सक पैरा मेडीकल आशा एएनएम हुई सम्मानित




**कौशाम्बी।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी कौशांबी मधुसूदन हुलगी के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर तहसील मंझनपुर के अंतर्गत आने वाले तीन ब्लाकों में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बनाई गई कमेटी की समीक्षा रिपोर्ट के अंतर्गत चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत कार्य करने वाले चिकित्सक एवं अग्रिम पंक्ति में कार्य करने वाले हेल्थ वर्करो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार मे आयोजित हुए इस सम्मान समारोह मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय चंद्र उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी हिन्द प्रकाश मनी ने संचारी रोग के बारे मे सभी को जागरूक किया और बचाओ के रास्ते बताये उन्होंने जिले मे मातृ मृत्यु दर पे रोक लगाने के लिये हाई रिस्क प्रिग्नेंसी के बारे मे सबको समझाया और उन गर्भवती महिलाओ को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया कार्यक्रम के दौरान डीसीपीएम संजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज डॉक्टर संजय डॉक्टर प्रसून,बीपीएम अवनीश मिश्रा डी इ आई सी मैनेजर अवधेश मौर्य सहायक शोध अधिकारी सूर्य भान सिंह यादव मौजूद रहे मंझनपुर के अंतर्गत आने वाले सरसवा ब्लॉक कनेली ब्लॉक और मंझनपुर ब्लॉक के चिकित्सक डॉ अरुण केशरवानी, डॉ सरिक डॉ मूर्तजा डॉ फिरदौश डॉ फलक ,सी एच ओ- सोनी निशि प्रियंका कुलदीप प्रियांश खुसबू हेमलता अंकुश सुनील और आशा संगनी छाया पूजा सुनीता ,सविता एएनएम आशा बहनो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के छात्रों ने आतंकवाद के खिलाफ उठाई आवाज

**पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि**



**भरवारी कौशाम्बी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के विरुद्ध एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी के छात्र छात्राओं ने आतंक के खिलाफ एकजुट होकर शांतिपूर्ण सभा का आयोजन किया और इस क्रूर कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की।छात्र छात्राओं ने पोस्टर, चित्रों और संदेशों के माध्यम से अपनी संवेदना प्रकट करते हुए शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन न केवल शोक प्रकट करने का माध्यम था, बल्कि युवाओं की ओर से यह संदेश भी था कि वे किसी भी प्रकार के आतंकवाद को स्वीकार नहीं करेंगे। सभा में उपस्थित संस्थान के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंक कभी किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। युवाओं को इसके खिलाफ जागरूक होना और समाज में शांति एवं सौहार्द का संदेश फैलाना जरूरी है।संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने भावपूर्ण संदेश में कहा कि आज की पीढ़ी को सहनशीलता, करुणा और एकता के मूल्यों को आत्मसात करना होगा। आतंकवाद मानवता पर धब्बा है, और हम सभी को मिलकर इसके विरुद्ध आवाज बुलंद करनी चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा, छात्रों की यह पहल प्रशंसनीय है। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।₹इस मौके पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ मिलकर मौन धारण किया और अपने विचारों के माध्यम से शांति, एकता और मानवता का संदेश समाज तक पहुंचाया। सभा के अंत में सभी उपस्थितों ने आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर प्रतिज्ञा ली कि हम सभी भारत के जागरूक नागरिक होने के नाते यह संकल्प लेते हैं कि किसी भी प्रकार के आतंक, हिंसा या अमानवीयता को सहन नहीं करेंगे। हम शांति, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलकर समाज को जागरूक करेंगे और आतंकवाद के विरुद्ध अपने विचारों से एक सशक्त माहौल तैयार करेंगे।एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज की यह पहल न केवल संवेदना का परिचायक है, बल्कि यह दर्शाती है कि शिक्षा के मंदिरों में तैयार हो रही नई पीढ़ी एक सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार भारत की नींव रख रही है।

## सरसंवा विकास खण्ड मे मनाया गया पंचायती दिवस

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री द्वारा लाइव प्रसारण को गुरुवार को सरसंवा विकास खंड के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम वासियो को दिखाया गया इस मौके पर पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया जिसमें खण्ड विकास अधिकारी राकेश सिंह और सहायक विकास अधिकारी पंचायत मार्तण्ड सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया इस मौके पर योजनाओं के संचालन की जानकारी ली गई कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों से ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी को स्वच्छता संबंधी बातें बताई गई और पेयजल एवं स्वच्छता के स्थायित्व हेतु शपथ दिलाई गई,ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायत का सत्यापन, पंचायत भवन में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के भूमिका पर चर्चा की गई ग्राम सभा में बैठक में आशा आंगनवाड़ी एवं अन्य सदस्य सदस्यों के प्रतिभाग पर चर्चा की गई, इस मौके पर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से पूछने पर उन्होंने कूड़े का सही निस्तारण बताया एवं शौचालय की साफ सफाई एवं उसका सही प्रयोग करने की चर्चा की गई।

# अपर जिलाधिकारी को बोर्ड द्वारा दिये गये प्रशस्ति पत्र को जिलाधिकारी ने सौंपा

**आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के माध्यम से 60,244 पदों पर चयन के लिए भर्ती परीक्षा को पूर्ण शुचिता एवं दक्षता के साथ सपन्न कराये जाने के सम्बन्ध में**





**कौशाम्बी** उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, इस भर्ती परीक्षा को पूर्ण शुचिता एवं दक्षता के साथ सपन्न कराने में अपर जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शित की गई सत्यनिष्ठा, दक्षता एवं कर्तव्यपरायणता की भूरि-भूरि सराहना करता है तथा आपको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आपके उज्वल भविष्य की कॉमना भी करता है। आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के माध्यम से 60,244 पदों पर चयन के लिए 23 अगस्त, 2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 13 मार्च 2025 को चयन परिणाम की घोषणा तक सपन्न हुई चयन प्रक्रिया जिसमें लगभग 48 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, उ०प्र0 शासन एवं पुलिस विभाग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होने के साथ ही एक बहुत बढ़ी चुनौती भी थी। इसके विभिन्न स्तरों यथा लिखित परीक्षा, अभिलेखों का सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में हर प्रक्रम की चुनौतियाँ भिन्न-भिन्न थी। लिखित परीक्षा में केन्द्रों का चयन प्रक्रिया की गोपनीयता व शुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा संचालन महत्वपूर्ण था, जबकि अभिलेखों की संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षण एक जटिल और समयसाध्य प्रक्रिया थी, वहीं शारीरिक दक्षता परीक्षा के रूप में एक अत्यन्त संवेदनशील चुनौती विद्यमान थी। इन स्थितियों से निपटने के लिए हर स्तर पर अत्यन्त परिश्रम, लगन एवं समर्पण के भाव से कार्य किया जाना अपेक्षित था। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं होता कि इस कठिन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उ०प्र० की प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था ने पूर्ण व्यवसायिक कुशलता एवं दक्षता का परिचय देते हुए इसे अतिम सोपान तक पहुँचाया है। अपर जिलाधिकारी श्री अरूण कुमार गोंड द्वारा इस परीक्षा के विभिन्न स्तरों पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मियों को दिए गए उच्च कोटि के प्रशिक्षण एवं प्रभावी नेतृत्व के कारण ही प्रत्येक स्तर पर भर्ती बोर्ड के निदेशों व विभिन्न मानक प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन कर संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू एवं शुचितापूर्ण ढंग से सपन्न की जा सकी है। भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया एवं परिचालन में अपनायी गई कार्य प्रणाली की सराहना प्रदेश ही नहीं ह्लपूरे देश के स्तर पर हुई है। आप सबके सहयोग से सम्पन्न हुई इस परीक्षा ने भर्ती के क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित किये हैं तथा देश-प्रदेश में इसे एक उदाहरण के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। यह समस्त सफलताएं आपके सक्रिय सहयोग, परिश्रम एवं निष्ठापूर्वक किये गये कर्तव्य निर्वहन के बिना कतई सम्भव नहीं थी, इसके लिये आप सभी सराहना के पात्र है। इ

# प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा का डीएम ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जिलाधिकारी ने अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करके लोगों को स्वास्थ्य एंव परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करने तथा ब्लाक में रात्रि निवास करने के दिये निर्देश**

**मरीजों से विनम्र एवं मधुर व्यवहार रखते हुए सभी मरीजों को अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं गर्भवती तथा एच०आर०पी० महिलाओं की हीमोग्लोबीन सहित सभी प्रकार की जांच कराने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा का स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान लेबर रूम में स्टाफ नर्स आकांक्षा सिंह, अनीता देवी एवं मीना देवी उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी द्वारा प्रसव पंजिका एंव रेफर रजिस्टर चेक किया गया, जिसमें एक महिला सीमा देवी पत्नी ओम प्रकाश ग्राम-केवट का पूरा जिनकी उम्र 18 वर्ष थी इनका प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेवादा में दिनांक 21/04/2025 को कराया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी श्रीमती प्रतिभा गुप्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में भ्रमण करके लोगों को स्वास्थ्य एंव परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करें तथा ब्लाक में रात्रि निवास करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में वेतन अवरूद्ध कर दिया जायेंगा। जिलाधिकारी ने ओ०पी०डी० कक्ष, पैथालाजी एंव दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्हांने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मरीजों से विनम्र एवं मधुर व्यवहार रखते हुए सभी मरीजों को अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय एवं सभी गर्भवती तथा एच०आर०पी० महिलाओं की सभी प्रकार की जांचे और हीमोग्लोबीन की जांच अवश्य रूप से करायी जाय।

# विकास खण्ड कार्यालय नेवादा का डीएम ने निरीक्षण कर लिया जायजा

**जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कार्मिकां का वेतन अवरूद्ध करने के दियें निर्देश**

**बाल विकास पुष्टाहार के कार्यालय में अनुपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने तथा जो आंगनवाडी केन्द्र बन्द पाये जा रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने विकास खण्ड कार्यालय नेवादा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव अपने समस्त कार्यालय सहायकों के साथ कार्यालय में उपस्थित पाये गये। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) श्री नीरज मिश्र, अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) श्री इन्द्रभान सिंह एवं बी0ओ0 श्री अभिषेक कुमार अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित कार्मिकां का वेतन अवरूद्ध करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने रजिस्टरों को व्यवस्थित करने तथा शिकायत पंजिका में शिकायतों के निस्तारण की तिथि एवं संक्षिप्त टिप्पणी/आख्या अंकित किये जाने के निर्देश दिये। मनरेगा कक्ष में कर्मचारी उपस्थित थे, मनरेगा कक्ष की साफ-सफाई के लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्हांने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यालय में सभी बीएमएम को आरएफ, सीआईएफ का तत्काल समुचित निस्तारण करने के लिए तथा कार्यालय कक्ष को सुव्यवस्थित किये जाने के निर्देश दिये। बाल विकास पुष्टाहार के कार्यालय में अनुपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने तथा जो आंगनवाडी केन्द्र बन्द पाये जा रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दियें। पशु चिकित्सालय कार्यालय के निरीक्षण के समय डा पीके सिंह पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहें, मौके पर दो पशुओं का उपचार चल रहा था तथा एक गोवंश का कृतिम गभार्धान किया जाना था 01.04.2025 से 24.04.2025 तक चिकित्सालय पर कुल सामान्य एवं वगीर्कृत कृतिम गभार्धान क्रमशः 91 एवं 08 है तथा सम्बन्धित सेवा केन्द्र पर सामान्य एवं वगीर्कृत कृतिम गभार्धान क्रमशः 53 एवं 05 किया जा चुका है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर डहिया का डीएम ने निरीक्षण कर दियें आवश्यक दिशा-निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड नेवादा के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर डहिया का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर एवं साफ-सफाई को देखा। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ठीक पायी गई। जिलाधिकारी क्लॉस रूम में पहुॅचकर ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल हल करते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया। उन्हांने छात्र-छात्राओं को किताब पढ़ाकर उनसे सवाल जवाब करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। विद्यालय में सभी आवश्यक व्यवस्थायें ठीक पायी गई।

## सम्पादकीय

### पहलगाम हमलाः संशय के बादल

**कश्मीर** के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 लोगों की जान जाने का अफसोस पूरा देश मना रहा है, तो वहीं इस दर्दनाक घटना को लेकर हिन्दू-मुस्लिम की नयी लहर दौड़ पड़ी है। दोपहर तकरीबन ढाई बजे कई आतंकियों द्वारा उस वक्त अंधाधुंध फायरिंग की गयी जब एक बेहद खुशगवार मौसम में भारत के अलग-अलग हिस्सों से आये सैलानी प्रकृति का लुत्फ ले रहे थे। इनमें नवविवाहित जोड़े, सपरिवार या मित्रों के साथ आये लोग थे। गर्मी की छुट्टियों में इस हसीन वादी में लाखों पर्यटक आने लगे हैं। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद इसे सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है जिसने सरकार के इस दावे को चंद मिनटों में झुठला दिया कि 2016 की नोटबन्दी तथा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद यहां से आतंकवाद की समाप्ति हो गयी है। कुछ दिनों पहले संसद में भी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया था कि पहले यानी कांग्रेस के शासनकाल में कश्मीर कोई जाता नहीं था क्योंकि वहां होने वाले हमले के खिलाफ तत्कालीन सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती थी। शाह के दावे के अनुसार अब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार की आतंक के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति से यहां सीमा पार से निर्देशित कार्रवाइयां ठहर गयी हैं। इतना ही नहीं, जिस प्रकार से इस घटना को लेकर भाजपा तथा उनके समर्थकों की ओर से विमर्श चलाया जा रहा है, वह बतला रहा है कि इस घटना का भाजपा राजनीतिक लाभ लेने की तैयारियां कर चुकी है। गहन संदेह व्यक्त किये जा रहे हैं कि वक्फ कानून को सुप्रीम कोर्ट में मिल रही चुनौती से भाजपा को ध्रुवीकरण के उसके जाने-पहचाने खेल में मात न मिल जाये, इसके लिये वह कश्मीर के इस हमले को अगले साल बिहार और फिर पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों में वैसे ही भुनाएगी, जैसी वह पुलवामा हमले का लाभ 2019 के आम चुनाव में यह कहकर उठा चुकी है, कि 'क्या पहली बार के वोटर पुलवामा के शहीदों के नाम अपना मत भाजपा को देंगे?' कहा जाता है कि बालाकोट के साथ पुलवामा पर हुए हमले का असर मतदाताओं, खासकर युवाओं पर इस कदर पड़ा था कि भाजपा को अपने दम 303 सीटें मिल गयी थीं जो पूर्ण बहुमत के 272 से कई सीटें अधिक थीं। असलियत यह बताई जाती थी कि यदि यह मुद्दा भाजपा के हाथ न लगता तो उसे यह संख्या मिलनी मुमकिन नहीं थी। याद हो कि पुलवामा हमले को लेकर आज भी संशय बना हुआ है कि राष्ट्रपति शासन के तहत रखे गये राज्य में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक (आरडीएक्स) कहां से आया था जिससे सेना के 40 जवान शहीद हो गये जो वाहनों में जा रहे थे। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने देशबन्धु के चैनल डीबी लाइव पर यह खुलासा किया था कि यह बहुत बड़ी सुरक्षा चूक थी। श्रीनगर से वाहनों का इतना बड़ा काफिला बगैर रास्तों को सुरक्षित किये, जिसे तकनीकी शब्दावली में सेनिटाइज करना कहते हैं, कैसे ले जाया गया।

# नानी की अगर मानें तो भेड़िया जिंदा है

– सर्वमित्रा सुरजन

**इस** समय सही तस्वीर को देखने और समझने की ही जरूरत है। जैसे किसी जिग सॉ पहेली के अलग-अलग टुकड़ों को देखें तो सब कुछ बिखरा नजर आता है, लेकिन सारे टुकड़ों को सही तरीके से जोड़ने पर पूरी तस्वीर दिखती है, कु छ वैसा ही हाल आतंकी हमलों का भी है। इस बार के हमले में बताया जा रहा है कि आतंकी मुसलमान थे और पीड़ित हिंदू, लेकिन ये केवल पूरी पहेली का एक टुकड़ा भर है।

देश एक बार फिर लहूलुहान हुआ है और एक बार फिर लोग तमाशाई की भूमिका में आ गए हैं। 26 नवंबर 2008 को मुंबई पर किया गया हमला याद कीजिए, जिसे अक्सर 9/11 की तर्ज पर 26 /11 कहा जाता है। हालांकि अमेरिका की तर्ज पर चलना था तो फिर 11/ 26 कहना चाहिए था, खैर महीना पहले आया या तारीख पहले आई, ये बात कोई मायने नहीं रखती और ये केवल एक दिन का नहीं बल्कि तीन दिनों का हमला था, जिसमें मुंबई के कई जाने-माने स्थलों को आतंकियों ने अपने निशाने पर लिया था। कई जांबाज पुलिस और सैन्य अधिकारियों ने आतंकियों को खत्म करने में अपनी शहादत दी थी, हालांकि फिर भी डेढ़ सौ से अधिक लोग मारे गए थे।

तीन दिनों तक चले इस खूनी खेल में कई पत्रकार लाइव कवरेज के लिए पहुंच गए थे और कुछ तो ऐसे थे जिनकी तथाकथित जांबाज रिपोर्टिंग के कारण आतंकियों को खबर होती रही कि सुरक्षा बल कहां-कहां से उन्हें पकड़ने के लिए रास्ता बना रहे हैं। इस दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी भी फौरन मुंबई पहुंच गए थे, क्योंकि उन्हें तब सत्तारुढ़ कांग्रेस को घेरने और सवाल पूछने का अच्छा मौका मिला था।

आपदा में अवसर तलाशने की आदत काफी पुरानी मानी जा सकती है। और उस समय कई लोग हमलाग्रस्त इलाकों के आसपास की छतों पर चढ़कर ये देखने में जुटे थे कि कैसे आतंकियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। हर साल दशहरे पर हम भारतीय रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले को जलते देखने के लिए जैसे जुटते हैं, कमोबेश उसी तर्ज पर 2008 में लोग जुट गए थे।

2008 के इस हमले को कांग्रेस सरकार की बड़ी विफलता के तौर पर आज तक पेश किया जाता है, इसमें कुछ गलत नहीं है। अगर सुरक्षा एजेंसियां समुद्री मार्ग से आने वाले आतंकियों की जानकारी नहीं रख पाईं और एक नहीं कई जगहों पर एक साथ हमले करने के बावजूद आतंकियों को फौरन नहीं पकड़ा जा सका, तो यह निश्चित ही विफलता है। ठीक ऐसी ही विफलता 2019 के पुलवामा हमले में भी हुई और अब 2025 के पहलगाम हमले में भी नजर आई है।

लेकिन अब मीडिया उस तरह से सरकार की नाकामियों की चर्चा नहीं करता है। और लोगों का एक बड़ा वर्ग भी तमाशाई की भूमिका में इस तरह आ गया है कि वह आतंकी हमले की आड़ में फैलाए जा रहे हिंदू-मुस्लिम नैरेटिव पर तो अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है और भाजपा की तरह पूछ रहा है कि लोगों को मारने से पहले धर्म पूछा, जाति नहीं।

यानी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जो जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, उसका जवाब देने के लिए यही मौका भाजपा को मिला है। मीडिया के बनाए नैरेटिव में फंसे लोग यह क्यों नहीं देख रहे कि आतंकी हमले के फौरन बाद पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए लोगों में हिंदू भी थे और मुसलमान भी, जो इन दोनों धर्मों की पहचान से पहले खुद को कश्मीरी मानते हैं।

सोशल मीडिया पर अब कई वीडियो सामने आ गए हैं, जिनमें दिखाया जा रहा है कि कैसे कश्मीर के लोग धर्म से ऊपर उठकर इस कठिन वक्त में मदद के लिए आगे आए हैं। एक बस में फंसे पर्यटकों की मदद के लिए पास की मस्जिद के लोग पहुंचे, उन्हें वेज बिरयानी और पानी दिया, और कहा कि जैसे ही रास्ता खुलेगा आप चले जाएंगे, लेकिन तब तक हम आपकी मदद के लिए हैं। एक मस्जिद से इस हमले की बाकायदा लाउड स्पीकर के



जरिए निंदा की गई। हमले के फौरन बाद जब तक सरकारी मदद नहीं पहुंची, तब तक स्थानीय दुकानदारों, घोड़े वालों ने पर्यटकों को सुरक्षित नीचे पहुंचाने का काम किया। महाराष्ट्र से आई एक महिला एक वीडियो में बता रही है कि इस हमले को नेशनल मीडिया हिंदू-मुसलमान नैरेटिव में बदल रहा है, जबकि यहां कश्मीर में सारे लोग हमारी मदद कर रहे हैं।

एनडीटीवी की ही खबर है कि मृतकों में शामिल सैयद हुसैन शाह इसलिए मारा गया क्योंकि उसने आतंकियों से भिड़ने का साहस किया। एक वीडियो में जीटीवी के पत्रकार ने पीड़ितों और चश्मदीदों से पूछा कि क्या आतंकियों ने नाम पूछकर मारा और तमाम लोगों ने ना में उत्तर दिया। आजतक के जम्मू-कश्मीर संवाददाता ने बताया कि जहां हमला हुआ वहां कम से कम 2 हजार पर्यटक थे, लेकिन सुरक्षाबल नहीं था, यह बड़ी सुरक्षा चूक है। हालांकि जब पत्रकार ये बात कह रहे थे तब दिल्ली स्टूडियो में उनकी आवाज रोककर दूसरी ब्रेकिंग खबर चलाई जाने लगी। ये तीनों चैनल भाजपा के समर्थन में खबरें पेश करने वाले माने जाते हैं, लेकिन इनके जम्मू-कश्मीर के संवाददाताओं ने असल तस्वीर पेश कर दी है।

इस समय सही तस्वीर को देखने और समझने की ही जरूरत है। जैसे किसी जिग सॉ पहेली के अलग-अलग टुकड़ों को देखें तो सब कुछ बिखरा नजर आता है, लेकिन सारे टुकड़ों को सही तरीके से जोड़ने पर पूरी तस्वीर दिखती है, कु छ वैसा ही हाल आतंकी हमलों का भी है। इस बार के हमले में बताया जा रहा है कि आतंकी मुसलमान थे और पीड़ित हिंदू, लेकिन ये केवल पूरी पहेली का एक टुकड़ा भर है, इसके बाकी टुकड़ों को देखें तो आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बताए जा रहे हैं, जो भले इस्लाम धर्म के हों, लेकिन असल में वो इस्लाम की शिक्षाओं पर नहीं चल रहे हैं। मरने वालों में हिंदू अधिक थे, लेकिन फिर वही बात कि इनमें मुसलमान और ईसाई भी थे, यानी आखिर में इंसान का ही खून बहा, इंसानियत को ही निशाने पर लिया गया। इस पूरे मसले को हिंदू-मुसलमान तक सीमित कर दिया जाएगा तो फिर दहशतगर्द अपने मकसद में कामयाब समझे जाएंगे।

लेकिन इससे आगे बढ़कर ये समझने की कोशिश की जाएगी कि आखिर इस हमले का मकसद क्या था। क्यों ये बात फैलाई गई कि आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा। जब आतंकी एक-एक का धर्म पूछ रहे थे और गोलियां चला रहे थे, तब सुरक्षा बल कहां था। एक मिनट में कोई बम धमाका हो और सुरक्षा बल तत्काल न पहुंचे, तब तो बात समझ आती है, लेकिन आतंकियों को लोगों से धर्म पूछने और कलमा पढ़ने के लिए कहने का वक्त कहां से मिला, ये सवाल पूछा जाना चाहिए। पुलवामा में आरडीएक्स कहां से आया, इसका जवाब आज तक नहीं मिला है, अब क्या ये पता चल पाएगा कि सैन्य अधिकारियों के भेस में आतंकी घुस गए और जांच एजेंसियों को खबर नहीं हुई।

हमला मंगलवार दिन में करीब ढाई बजे हुआ, लेकिन नरेन्द्र मोदी का पौने चार बजे का सऊदी अरब का वीडियो है, जहां प्रवासी भारतीय मोदी-मोदी के नारे लगा रहे हैं और मोदीजी गदगद हैं। क्यों प्रधानमंत्री तुरंत अपने विमान से नहीं लौटे, क्या उन्हें इस हमले की जानकारी नहीं दी गई थी, अगर ऐसा है, तो क्या ये प्रधानमंत्री के साथ ही बड़ा खेल नहीं है। आखिर गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल क्या कर रहे हैं। क्या ये लोग किसी भी हादसे या हमले के बाद केवल बैठक करने के लिए अपने पद पर बैठे हैं, या इससे आगे बढ़कर इनकी कोई जिम्मेदारी है। अगर ये जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पा रहे तो क्या उन्हें इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए।

इस समय हरेक नागरिक को ऐसे सवालों को सरकार के सामने रखना चाहिए। मगर सवाल पूछने की जगह लोग इस बात पर नाराज हैं कि आतंकियों ने धर्म पूछा और फिर गोली चलाई।

नाराजगी सही जगह इस्तेमाल नहीं होगी तो फिर एक दिन ऐसा वक्त भी आ सकता है कि नाराज होने का हक भी छीन लिया जाए।

1997 में गुलजार ने एक लंबा गीत कश्मीर के आतंकवाद पर लिखा था, जिसकी कुछ पंक्तियां पाठकों के लिए प्रस्तुत हैं-

इन बूढ़े पहाड़ों पर कुछ भी तो नहीं बदला।
सदियों से गिरी बफे
'और उनपे बरसती हैं हर साल नई बफे
'घर लगते हैं कब्रों से, घर लगते हैं कब्रों से,
खामोश सफेदी में
कुतबे से दरख्तों के।

# नवागत जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण कर जनपद के चौमुखी विकास के प्रति जताई अपनी प्रतिबद्धता

## विकास के नये क्षितिज पर पहुँचेगा कालीन नगरी-जिलाधिकारी शैलेश कुमार

**भदोही । नवागत** जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने अपरान्ह 03 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषागार पहुँचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी नवागत जिलाधिकारी शैलेश कुमार इससे पूर्व जनपद मुरादाबाद में उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण एवं सम्भागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे। जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त उन्होंने जरूरी अभिलेखों पर हस्ताक्षर किया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर स्थिति सभी कार्यालयों में जाकर सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर उनसे कार्यो के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



नवागत जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कहा कि शासन के निदेर्शों का पालन करते हुए आम जनमानस को दी जा रही सुविधाएं लाभार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुँचाना प्राथमिकता रहेगी, साथ ही जनपद में हो रहे विकास कार्यो को गति के साथ पूर्ण कराया जायेगा। उन्होंने रेवेन्यू कोर्ट में वादों के शीघ्र निस्तारण, निर्माण कार्य परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समय-सीमा में पूर्ण करना, जनता की अपेक्षाओं के अनरूप शासन प्रशासन की सेवाओं को समय-सीमा में उपलब्ध कराने पर बल दिया। जनपद के सभी लोगों के समन्वय से शासन की नीतियों का धरातल पर क्रियान्वित किया जायेगा, जिससे अन्त्योदय वर्ग भी जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित हो सके। उन्होने सबका साथ, सबका विकास की मूल भावना पर कार्य करते हुए सभी के सहयोग, समन्वय व सुझाव पर बल दिया। उन्होंने जनता जनार्दन, अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, जनपद के विकासात्मक आंकाक्षाओं पर शत-प्रतिशत पूर्ण करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई।

नवागत जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने एचबीटीयू कानपुर से मैकेनिकल इन्जीनियरिंग से बीटेक किया है। पढ़ाई के बाद इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन में अधिकारी, यूपीएससी 2014 बैच में भारतीय राजस्व सेवा, 2016 बैच में भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस में चयनित हुए थे। उन्होंने बांदा व कन्नौज में ज्वाईंट मजिस्टेट, झांसी में मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद में उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के पद पर कार्यरत सहित पिछले 16 वर्षो से शासकीय सेवाएं दे रहे है। कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों के भ्रमण के दौरान और अधिक साफ-सफाई सहित रंगाई-पुताई, विद्युत प्रकाश की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि फाईलो व प्रपत्रों का रख-रखाव सुव्यवस्थित करें तथा समय-सीमा के अन्दर जनता को प्रशासन की सेवाओं की सर्विस डिलिवरी सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकान्त द्विवेदी, मुख्य कोषाधिकारी बृजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर शिवप्रकाश यादव, श्याममणि त्रिपाठी, भदोही अरूण गिरि, भानसिंह व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 27 को आएंगे उप मुख्यमंत्री, सुरक्षा की परख तेज



अखंड भारत संदेश

**भदोही। उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश शासन का आगमन जनपद में 27 अप्रैल को किशनदेवपुर रामलीला मैदान में होगा। जहां किसानों के मसीहा और पूर्व एमएलसी रहे स्व.बाबू पारसनाथ मौर्य की प्रतिमा का अनावरण कर लोगों को संबोधित भी करेंगे। उप मुख्यमंत्री के आगमन पूर्व सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से/कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एडीएम कुंवर वीरेंद्र मौर्य, एएसपी शुभम अग्रवाल, एसडीएम सदर शिवप्रकाश, ईओ गोपीगंज दलबदल के साथ कार्यक्रम व पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को जरुरी निर्देश दिये।

# शहीदों को श्रद्धांजलि, आतंक के खिलाफ जनाक्रोशः मुहम्मदाबाद यूसुफपुर में पुतला दहन और शोक सभा



**गाजीपुर।**

**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग जिले के पहलगाम स्थित बैसारन क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस अमानवीय हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इसके विरोध में गुरुवार शाम अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना की ओर से थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन और शोक सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत एक शोक यात्रा से हुई जो यूसुफपुर स्टेशन से निकलकर मुख्य बाजार, दाल मंडी, रूई मंडी, सब्जी मंडी, विट्ठल चौराहा होते हुए शहीद पार्क तक पहुंची। यात्रा में शामिल लोगों के हाथों में तख्तियां और मोमबत्तियां थीं। शहीद पार्क पहुंचने पर सबसे पहले आतंकवादियों का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर घटना का विरोध दर्ज किया गया। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। उनके साथ जिला महामंत्री गुड्डू बिंद, मीडिया प्रभारी चुन्नू लाल वर्मा, युवा मंच के अध्यक्ष राहुल राय, मंत्री अमित शर्मा, उपाध्यक्ष नारायण जायसवाल सहित संगठन के कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सभा में वक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि इस हमले में शामिल आतंकियों और उनके सहयोगियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए।

इस आयोजन में जनमानस के भीतर आतंकवाद के प्रति गहरा आक्रोश देखने को मिला और लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब और चुप नहीं बैठा जाएगा। ऐसे कृत्यों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# टैरिफ युद्ध में ट्रंप पीछे हटे, भारत को अधिकतम लाभ उठाना चाहिए

– अंजन रॉय

**यदि भारत** अमेरिकी टीम को पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध के बजाय अमेरिका के साथ एक उचित व्यापार सौदा करने की अपनी वास्तविक इच्छा से अवगत कराने में सक्षम है, तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए नयी खिड़कियां खोलेगा। भारत ने टैरिफ पर शुरूआती बातचीत पहले ही शुरू कर दी है और कुछ हालिया रियायतें बदलाव की दिशा की ओर इशारा करती हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वांस की सोमवार से शुरू हो रही यात्रा भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में एक सूक्ष्म बदलाव का संकेत देती है। ट्रंप के टैरिफ युद्ध को लेकर वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल के बीच इस चार दिवसीय यात्रा में एक निजी छाप भी है। वांस को एक उग्र और थोड़े कठोर व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। लेकिन एक दूसरा पक्ष भी है, उनका परिवार- उनकी पत्नी उषा भारतीय मूल की वकील हैं, जिन्हें अपने तेलुगू वंश पर गर्व है। उषा के माध्यम से, वांस भारतीय संस्कृति और इतिहास से बहुत परिचित हैं। महत्वपूर्ण बात यह कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने सोमवार को अपने पहले कार्यक्रमों में से एक दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया, जिसके दौरान वांस परिवार के बच्चों ने भारतीय वेशभूषा पहनी थी और गले में माला पहन रखे थे। यह दूसरे परिवार के भारत के साथ व्यक्तिगत और सांस्कृतिक जुड़ाव को रेखांकित करता है, जिसे प्रदर्शित करने के लिए वे काफी आगे तक गये। दूसरा, भारत अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस देश को एशिया और समग्र भू-राजनीति में चीन के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ एक ढाल के रूप में देखा जाता है। अमेरिका चीन को आर्थिक रूप से और साथ ही, अमेरिकियों के मन में, वैश्विक रणनीतिक संतुलन में अपना कट्टर प्रतिद्वंद्वी मानता है।

यह ध्यान देने योग्य है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वर्तमान में दक्षिण पूर्व एशिया के विस्तारित दौरे पर हैं ताकि ऐसे देशों का एक नेटवर्क बनाया जा सके जो अमेरिका के साथ टकराव में चीन के साथ खड़े हो सकें। हाल तक, दक्षिण पूर्व एशियाई देश संयुक्त राज्य अमेरिका के लगभग ग्राहक देश थे। अब चीन विशाल चीनी बाजारों में



आकर्षक आवास और सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए सहयोग के साथ उन्हें अमेरिका से दूर करने की कोशिश कर रहा है। चीन इन देशों को अमेरिका से कहीं अधिक विश्वसनीय सहयोगी के रूप में प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। इस अर्थ में, चीन अमेरिका को एशिया के साथ-साथ अन्य जगहों पर अपने पुराने मित्रों और सहयोगियों से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है।

ट्रंप के मनमौजी टैरिफ और धमकियों के बाद, अमेरिका पहले से ही वैश्विक मंच पर प्रमुख खिलाड़ियों से अलग-थलग पड़ गया है। ट्रम्प ने चीन के साथ-साथ यूरोपीय संघ को भी गहरी चोट पहुंचाई है, जो आर्थिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण ब्लॉक हैं। साथ ही रणनीतिक कूटनीति और भू-राजनीति के मामले में भी यूरोपीय संघ को धक्का लगा है। दुनिया ट्रम्प के घमंड और अमेरिकी श्रेष्ठता के पैंतरों से नाराज है।

ट्रंप के मौजूदा दौर में वांस बेहद महत्वपूर्ण हैं और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमिर जेलेंस्की के साथ अमेरिकी दूरदर्शी डोनाल्ड ट्रम्प की कुख्यात बैठक के दौरान उनकी भूमिका देखी गयी। वांस डोनाल्ड ट्रम्प के कान हैं, भले ही ट्रम्प हमेशा अपने हिसाब से काम करते हैं। हाल ही में इटली की प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान उनके साथ बैठक में वांस प्रमुखता से बैठे थे। इस प्रकार, भारत को अब इस बात का लाभ मिला है कि वांस इस कठिन समय में भारत के दृष्टिकोण को सुनेंगे, जब अमेरिका ने टैरिफ की बौछार के साथ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ आभासी युद्ध शुरू कर दिया है। भारत को तथाकथित पारस्परिक टैरिफ का भी सामना करना पड़ा है, जिसे अब अस्थायी रूप से नब्बे दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। यदि भारत अमेरिकी टीम को पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध के बजाय अमेरिका के साथ एक उचित व्यापार सौदा करने की अपनी वास्तविक इच्छा से अवगत कराने में सक्षम है, तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए नयी खिड़कियां खोलेगा। भारत ने टैरिफ पर शुरूआती बातचीत पहले ही शुरू कर दी है और कुछ हालिया रियायतें बदलाव की दिशा की ओर इशारा करती हैं। यह दुनिया के दो प्रमुख खिलाड़ियों - चीन और यूरोपीय संघ के रुख के बिल्कुल विपरीत है। लेकिन कोई गलतफहमी न पालें, क्योंकि जैसे ही ट्रम्प उनमें से किसी के साथ कुछ सौदे करने में सक्षम होंगे, उनके महत्व के कारण, वह उस पर कूद पड़ेंगे। वह इन खिलाड़ियों पर अपनी जीत के साथ आगे बढ़ेंगे और दुनिया को दिखायेंगे कि वह कितने महान सौदा-निमार्ता हैं।

अब तो और भी ज्यादा, क्योंकि एक तेज डील मेकर के रूप में उनकी छवि और यूक्रेन युद्ध को 'एक दिन मेंइ समाप्त करने की उनकी क्षमता के बारे में उनके दावे सब उजागर हो चुके हैं। उन्होंने रूसी ताकतवर नेता पुतिन की चापलूसी की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ और पुतिन ने अपनी चतुर कूटनीति से उन्हें अपने पक्ष में कर लिया। ट्रंप को एक मध्यस्थ और एक कर्ता के रूप में अपनी विश्वसनीयता को बहाल करने की सख्त जरूरत है। भारत जैसे बड़े देश के साथ व्यापार समझौता उनके लिए एक तरह का पंख साबित हो सकता है। यह अब भारत के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक अनुकूल डील की तलाश करने का एक शानदार अवसर है, जिसका मुद्रीकरण किया जाना चाहिए, इससे पहले कि डोनाल्ड ट्रंप की मजबूरियां दूसरों की ओर मुड़ जाएं। भारत को राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए सही कदम उठाने होंगे।

# खदान धंसी, जिंदगी दबी : चित्रकूट में आधी रात को हादसा, तीन मजदूर घायल

- अचानक धंसी जमीन, मशीनें चूर
- मजदूरों के पास नही सेफ्टी किट
- तीन सदस्यी कमेटी गठित

**अखंड भारत संदेश**




**भरतकूप/चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के कोरारी गांव में बुधवार रात एक बड़ा हादसा हो गया, जिसने फिर एक बार खनन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गाटा संख्या 1078 के खंड संख्या 37 में स्थित एमपी जायसवाल के पट्टे वाली पत्थर खदान अचानक धंस गई, जिससे ठीक बगल में खंड 38 पर कार्यरत तीन मजदूर हादसे की चपेट में आ गए। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि मौके पर खड़ी कई भारी मशीनें भी मलबे के नीचे दब गईं।

ज्ञात है कि यह हादसा रात करीब 11 बजे उस वक्त हुआ जब मजदूर अपने रोजाना के काम में व्यस्त थे। अचानक खदान का एक बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा, जिससे वहाँ मौजूद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। जिन मजदूरों को चोट आई वे पत्थरों और मिट्टी के ढेर में दब गए। साथियों ने साहसिक प्रयास करते हुए उन्हें किसी तरह बाहर निकाला और आनन-फानन में अस्पताल पहुँचाया गया।

घटना की सूचना पर भरतकूप थाना पुलिस व खनिज अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों की हालत अभी स्थिर बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया व खदान में अस्थायी रूप से काम रुकवा दिया गया है। यह हादसा सिर्फ एक तकनीकी चूक नहीं, बल्कि स्पष्ट चेतावनी है कि जमीन की सहनशीलता भी सीमित है। और जब इंसानी लालच उसकी सीमा लांघता है- तब पत्थर भी इंसाफ मांगते हैं।

### जांच अधिकारी का जवाब

वहीं इस संबंध में खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि मजदूर मौके पर खदान के पास बैठे हुए थे, खनन ज्यादा हो चुका था और एक बड़ी चट्टान लटक रही थी, जो अचानक धंस गई जिसकी वजह से यह घटना घटित हो गई। मौके पर मजदूरों के पास बेसिक सेफ्टी किट्स नहीं थी। मौके पर सबसे पहले पहुंचे अधिकारियों में खनिज अधिकारी थे और उन्होंने आगे बताया कि अनियमितताओं की शिकायत बेबुनियाद है। मौके पर खनन साइट पर कोई बेंच नहीं मिली। धंसने के आसार भी हो सकते हैं। तीन सदस्यी कमेटी गठित की गई है। खदान क्षेत्र को घेरकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।


खदान में क्षतिग्रस्त डंपर


पहाड गिरने से क्षतिग्रस्त स्थल

# भरतकूप में मजदूरों की चीख पर रात में होता है मौत का खनन?

- मिलीभगत की मूक कब्रगाह
- जमीन नहीं, जमीर धँसा है साहेब

**निरंजन पाण्डेय**

**चित्रकूट।** बुधवार की रात कोरारी गांव में जब जमीन फटी, तब सिर्फ एक खदान नहीं धँसी- उस मलबे के नीचे इंसानियत, जिम्मेदारी और सिस्टम का जमीर भी दब गया। ये कोई प्राकृतिक आपदा नहीं थी, ये इंसानी लालच की वो खतरनाक बिसात थी, जिसमें तीन पोकलैंड मशीनें, एक डंपर और तीन जिंदा मजदूर दांव पर थे।

आरोप लगे कि रात के सन्नाटे में खदान के भीतर चार इंची ब्लास्टिंग की जा रही थी- वो भी तब, जब नियम कहते हैं कि रात में खनन नहीं होना चाहिए। लेकिन चित्रकूट में नियम सिर्फ पोस्टरों पर हैं और जमीन के नीचे बारूद की गूंज ही हकीकत बन चुकी है। जब खदान का एक बड़ा हिस्सा भरभरा कर गिरा, तो खंड 38 में काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। घायल मजदूरों को सतना अस्पताल भेजा गया, लेकिन सवाल वही पुराना है-कहाँ थे जिम्मेदार? क्या उन्हें नहीं पता कि यहाँ अवैध ब्लास्टिंग का खेल दिन-रात चलता है? क्या प्रशासन की आंखें सिर्फ कैमरों व समारोहों में खुलती हैं? अगर खदान में बेंचिंग होती यानी सुरक्षा के लिए तय कटाव- तो क्या ये हादसा होता? और बड़ा सवाल- रात में मजदूर खदान में क्या कर रहे थे? ग्रामीणों में आक्रोश है, लेकिन वे चुप हैं क्योंकि उन्हें मालूम है कि इस माफिया और प्रशासन के गठजोड़ के आगे उनकी चीखें भी मिट्टी में मिल जाती हैं। ये वही चित्रकूट है जहाँ हर हादसे के बाद कुछ दिन की चर्चा होती है, और फिर सिस्टम वैसा ही चलने लगता है जैसे कुछ हुआ ही नहीं।


मौके पर खदान में पड़ी मशीनें

# ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा पर डीएम सख्त

- वेयरहाउस का आकस्मिक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए जिले में वीवीपैट एवं ईवीएम की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में बुधवार को डीएम शिवशरणप्पा जीएन के नेतृत्व में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाह्य आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में डीएम ने वीवीपैट व ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मियों को निर्देशित किया कि पूरी निष्ठा व चौकसी के साथ ड्यूटी करें। वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की व स्पष्ट किया कि कैमरे 24 घंटे संचालन में रहें। किसी भी तरह की तकनीकी खराबी की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

निरीक्षण में एडीएम (नमामि गंगे) श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, अपना दल (एस) के पूर्व अध्यक्ष राम सिया पटेल, जिला अध्यक्ष हेमराज सिंह पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, आप नेता संतोषी लाल शुक्ला व नगर अध्यक्ष प्रमोद सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, सपा लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष अमर पटेल की सहभागिता रही।


ईवीएम-वीवीपैट का निरीक्षण करते डीएम

## सीएम युवा स्वरोजगार योजना के आवेदन शुरू

**चित्रकूट।** यदि आप युवा हैं, आत्मनिर्भर बनने की चाह रखते हैं और खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 2025-26 के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख रुपये तक और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक की अनुमन्य परियोजनाओं के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि इच्छुक युवा आवेदन वेबसाइट पर 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी दशा में मैनुअल फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# अगरबत्ती लेने निकले बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंदा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुधवार शाम को कर्वी कोतवाली क्षेत्र में 80 वर्षीय बुजुर्ग लक्ष्मी प्रसाद वर्मा को एक अज्ञात वाहन ने उस समय रौंद दिया, जब वे पूजा के लिए अगरबत्ती लेने घर से निकले थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

चंद्र गहना रोड चकमाली अमानपुर निवासी लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, रोज की तरह बुधवार शाम पूजा का सामान लेने निकले थे। परिजनों के अनुसार, वे सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।उदुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हुए और परिजनों को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से बुजुर्ग को तत्काल जिला अस्पताल, सोनेपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर कर्वी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गुरुवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन व चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**चित्रकूट।** एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश व अपराध नियंत्रण की सख्त नीति के तहत बहिलपुरवा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के गंभीर मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 16 अप्रैल की रात की है जब बहिलपुरवा क्षेत्र के एक गांव में मासूम बच्ची घर पर अकेली थी। जिसमें गांव का ही रहने वाला दिनेश पुत्र जग्गू घर में घुस आया और उसने पीड़िता के साथ घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। शोर मचाने पर उसने बच्ची के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के परिजनों ने घटना की सूचना 18 अप्रैल को दी गई, जिसके बाद थाना बहिलपुरवा में बीएनएस की गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अत्यंत त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए 24 अप्रैल को आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया। टीम में आरक्षी मोनू राय और रोहित सिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

### राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में गूंजा नशा मुक्त भारत का संकल्प, बदलाव की शुरूआत




**बरगढ़/चित्रकूट।** जब युवा आगे आते हैं व समाज को नया रास्ता दिखाते हैं, तब बदलाव संभव होता है। आज चित्रकूट के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरगढ़ में ऐसा ही एक ऐतिहासिक दिन देखने को मिला, जब नशा मुक्त भारत के संकल्प में छात्र-छात्राओं की आवाज गूंज उठी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान में जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट नो एक प्रभावशाली विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम किया, जिसका विषय था: नशामुक्ति- एक सामाजिक संकल्प। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती नीलू मैनवाल सचिव/अपर जिला जज ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करते हुए कहा कि नशा केवल शरीर को ही नहीं, समाज की आत्मा को भी खोखला करता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये संस्थान केवल इलाज नहीं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। तहसीलदार रामसुधर सचिव तहसील विधिक सेवा समिति मऊ ने नशा मुक्ति को एक जन आंदोलन की तरह देखने की जरूरत बताई। कहा कि यह एक राष्ट्रीय आपातकाल जैसी चुनौती है। कार्यक्रम में संस्थान के विभाग प्रभारी अनंत प्रकाश, प्रधानाचार्य एसके वैश्य, दारोगा राधेश्याम, व्याख्याता सचिन गुप्ता, अमित कुमार शुक्ला, आदित्य सिंह, आकांक्षा श्रीवास्तव, साजिया तबस्सुम, प्रियंका भारद्वाज, डॉ प्रियंका मौर्या, राजकिशोर शिवहरे, राजेन्द्र सविता, व सुदेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।


### डॉ अंबेडकर व सामाजिक समरसता पर आयोजित हुआ व्याख्यान कार्यक्रम




**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्व विद्यालय चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) में गुरूवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती के मौके पर डॉ अम्बेडकर व सामाजिक समरसता विषयक एक ऐतिहासिक व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई, दर्शन विभाग एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाषा संकायाध्यक्ष डॉ किरण त्रिपाठी ने की, जबकि दर्शन विभागाध्यक्ष डॉ हरिकांत मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण से हुआ, जिससे उपस्थित सभी जनों में श्रद्धा की एक गहरी लहर दौड़ गई। हिन्दी विभाग के परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर के छात्र शत्रुघ्न विश्वकर्मा ने डॉ अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे, जबकि शोधार्थी सत्येन्द्र यादव ने स्वरचित दोहों के माध्यम से स्वरांजली अर्पित की। छात्रा इच्छा उपाध्याय एवं राममणि ने भी डॉ अम्बेडकर के शैक्षिक प्रदेय पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि कैसे उनके सिद्धांत ने समग्र सामाजिक उन्नति में मार्गदर्शन प्रदान किया है। हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ पीयूष कुमार द्विवेदी ने बताया कि डॉ अम्बेडकर भारतीय राष्ट्रवाद एवं हिंदू एकता की अगुवाई करते थे, जिनकी विचारधारा सामाजिक समरसता का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करती है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने अम्बेडकर की आर्थिक दूरदर्शिता का वर्णन किया और ग्रामीण तथा तकनीकी विकास पर उनके जोर पर प्रकाश डाला। दर्शन विभागाध्यक्ष डॉ हरिकांत मिश्रा ने अम्बेडकर के दर्शन में सामाजिक-न्याय के माध्यम से यह सिद्ध किया कि एक ऐसा समाज संभव है जहाँ वर्णभेद रहित, सौहार्दपूर्ण और भयमुक्त वातावरण हो। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की सहायक डॉ तृप्ति रस्तोगी, शोधार्थिनी शीला पाल, और हिन्दी तथा दर्शन विभाग के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# शादी की तैयारी में जुटे पिता ने फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**



**पहाड़ी/चित्रकूट।** बेटी की शादी की तैयारी में जुटा एक पिता खुद ही जिंदगी की डोर तोड़ गया। बुधवार रात हुए पारिवारिक विवाद के बाद 60 वर्षीय मेडे लाल ने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना पहाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

परिजनों के मुताबिक, मेडे लाल अपनी पुत्री की शादी के लिए बांदा से पैसे लेकर बुधवार को ही लौटे थे। लेकिन घर आने के बाद शराब के नशे में उनका परिजनों से विवाद हो गया। विवाद के बाद वे नाराज होकर घर से बाहर चले गए। परिजनों ने उन्हें आसपास ढूंढा, लेकिन वे कहीं नहीं मिले। गुरुवार सुबह देखा कि मेडेलाल का शव बरामदे में फांसी के फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखकर वह जोर-जोर से चीखने लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य लोग जागे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। गुरुवार दोपहर 2 बजे जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जिस घर में बेटी की शादी की तैयारियाँ चल रही थीं, वहां अब मातम पसरा है।

# कल कोई भी आनंद बनने से पहले हजार बार सोचेगा

- जनप्रतिनिधियों को चुप रहना चाहिए?
- मेरा गुस्सा राजनीति, तो तुम्हारी चुप्पी क्या?
- न्याय या बाप की चीख पर ठहाका?

**चित्रकूट।** मऊ थाने की वो रात अब भी जिले की फिजाओं में गूंज रही है- जब वर्दी का नशा, इंसानियत पर भारी पड़ गया। एक पिता, भाजपा नेता संदीप त्रिपाठी, गुस्से में था क्योंकि उसका 17 वर्षीय बेटा आदित्य त्रिपाठी, कथित रूप से शराबी पुलिसकर्मियों की लाठियों व गालियों का शिकार हुआ। लेकिन अब असली बहस यह नहीं कि संदीप थाने क्यों पहुंचा, बल्कि यह कि इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वालों को राजनीति का नाम क्यों दिया जा रहा है?

पूर्व विधायक आनंद शुक्ला मौके पर थे। उन्होंने एक बाप के दुःख के साथ खड़े होकर जो किया, उसे अब कुछ लोग राजनीति कह रहे हैं। सवाल है- क्या किसी के बेटे के साथ अन्याय हो और कोई जनप्रतिनिधि साथ खड़ा हो जाए, तो क्या उसे राजनीतिक रंग देना चाहिए? क्या किसी पीड़ित के लिए खड़ा होना अब अपराध है? क्या यह मानवता के खिलाफ नहीं कि हम अब मदद को भी संदेह से देखें? बड़ी शर्म की बात है कि जो नेता उस समय साथ नहीं खड़े हो पाए, वो अब नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं। कल को जब उन्हीं के साथ ऐसी कोई घटना घटेगी, तो क्या आनंद फिर से उनके लिए खड़े होंगे? ये हर उस बाप की चीख है जो सिस्टम से पूछना चाहता है- अगर मेरा गुस्सा राजनीति है, तो तुम्हारी चुप्पी क्या है? यह वक्त बंटने का नहीं, बल्कि एक साथ खड़े होकर सवाल करने का है कि आखिर कब तक तंत्र बेलगाम रहेगा?

अफसोसजनक पहलू यह है कि इतने भारी जनसमुदाय व पूर्व विधायक की मौजूदगी के बावजूद, इस खबर के लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई। एसपी साहेब केवल जांच की बात कर रहे हैं, और भाजपाइयों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। आज अगर जिले के सारे राजनीतिक दल इस नौकरशाही के खिलाफ एकजुट नहीं हुए, तो कल कोई भी आनंद बनने से पहले हजार बार सोचेगा। याद रखिए, पीड़ित सिर्फ भाजपाई नहीं था- वो एक बाप था, और आप सभी भी किसी के पिता हैं। हालांकि पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया है कि पुलिस का कृत्य एक नाबालिग के साथ अमानवीय रहा है। मैं हर आम नागरिक के साथ न्याय दिलाने के लिए ऐसे ही खड़ा रहूंगा।

## पाक प्रायोजित इस्लामी आतंकवाद के विरुद्ध विहिप की हुंकार

**199 चौराहों पर पुतला दहन**

**चित्रकूट।** हिन्दुओं पर हो रहे निर्मम अत्याचार व इस्लामी आतंकवाद की आग में जले पहलगाम की धरती अब पूरे देश की आत्मा को झकझोर रही है। विश्व हिन्दू परिषद ने अब इस मौन पीड़ा को जनआक्रोश में बदलने की ठान ली है। विहिप जिला मंत्री नीरज केसरवानी ने बताया कि प्रांत मंत्री राजू पोरवाल के नेतृत्व में शुक्रवार 25 अप्रैल को कानपुर प्रांत के अंतर्गत 21 जिलों के 199 प्रमुख चौराहों पर एक साथ पुतला दहन कर इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ ऐतिहासिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। यह केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि वीर बलिदानियों के प्रति श्रद्धांजलि का वह स्वर है, जो अब सड़कों पर गजेर्गा। पाकिस्तान प्रायोजित आतंक के विरुद्ध यह जनांदोलन उस रक्त की पुकार है, जो बार-बार हमारी अस्मिता को ललकारता है। इस मौके पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि हर नागरिक इस राष्ट्रव्यापी संकल्प का भागी बने और आतंकवाद के विरुद्ध एक स्वर में बोले-अब और नहीं।

# ज्ञान, अनुशासन और समर्पण की त्रिवेणी : कछार पुरवा मॉडल

- शिक्षा की प्रयोगशाला है कछार पुरवा
- निरीक्षण टीम भी हुई कायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश शासन तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर जब प्रदेश स्तरीय अधिकारियों की टीम जनपद चित्रकूट के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा पहुँची, तो वहां का माहौल कुछ अलग ही था। कक्षाओं में बच्चों की स्फूर्ति, शिक्षकों की प्रतिबद्धता, और व्यवस्थाओं की उत्कृष्टता ने निरीक्षणकताओं को न केवल चौंकाया, बल्कि प्रभावित भी किया।

सहायक शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में पहुँची टीम ने 19 प्रमुख शैक्षिक व व्यवस्थागत बिंदुओं पर गहन निरीक्षण किया। इनमें निपुण भारत लक्ष्य, दिव्यांग शौचालय, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, निर्माण कार्य, स्कूल चलो अभियान, डिजिटल प्रवेश पंजिका, डीबीटी योजना, लर्निंग बाय डूइंग, पाठ्य पुस्तक वितरण, खेलकूद सामग्री, किचन गार्डन और पुस्तकालय तक की स्थिति को बारीकी से परखा गया। टीम ने मध्यान्ह भोजन योजना की भी गुणवत्ता जाँची व विद्यालय में तैयार किए जा रहे स्वादिष्ट भोजन की प्रशंसा करते हुए प्रधानाध्यापिका रचना यादव को विशेष बधाई दी। सहायक निदेशक ने कहा कि इतना साफ-सुथरा और पौष्टिक भोजन बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है।

निरीक्षण में सहायक निदेशक ने कक्षा 3 से 8 तक अलग-अलग विषयों की जानकारी स्वयं बच्चों से पूछकर प्राप्त की। बच्चों द्वारा आत्मविश्वास से दिए गए उत्तरों ने स्पष्ट कर दिया कि विद्यालय में सिर्फ उपस्थिति नहीं, बल्कि वास्तविक शिक्षा का वातावरण तैयार किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा व खंड शिक्षा अधिकारीगणों ने भी विद्यालय की प्रशंसा करते हुए इसे जिले के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। इस मौके पर उपस्थित सभी अध्यापकगण, रसोइया, शिक्षिकाएँ और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी इस सफलता को टीम भावना का परिणाम बताया।



बच्चों से संवाद करते शिक्षक व बीएसए

# अग्निकांड ने लील ली मेहनत की फसल, खंडेहा में घर जलकर खाक



**चित्रकूट।** एक चिंगारी ने सब कुछ छीन लिया। जिले के खंडेहा गांव में बुधवार की सुबह उस वक्त हाहाकार मच गया, जब बीरेन्द्र सिंह के घर में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। पल भर में लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और मेहनत से जोड़ा गया हर सपना राख हो गया। इस आगजनी की चपेट में आकर बीरेन्द्र सिंह का ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, डाला अनाज, भूसा व घरेलू सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गांव के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक लपटें आसमान छूने लगीं। स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह पानी और मिट्टी से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई, लेकिन आर्थिक क्षति इतनी गंभीर है कि परिवार का सब कुछ उजड़ चुका है। बीरेन्द्र सिंह व उनका परिवार अब प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए बैठा है। क्योंकि जब आग घर को लील जाती है, तब सिर्फ राख नहीं बचती, बल्कि जलता है एक परिवार का भविष्य भी।

# जनता के लिए खुला सेंट पीटर्स बेसिलिका, अंतिम झलक के लिए उमड़े हजारों लोग

**रोम**

**सेंट** पीटर स्क्वायर के चारों ओर लंबी कतारें लगना जारी है। दुनिया भर से शोक मनाने वाले लोग सेंट पीटर के 266वें उत्तराधिकारी को अंतिम श्रद्धांजलि देने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने 12 साल से ज्यादा समय तक चर्च का नेतृत्व किया।

पोप फ्रांसिस का निधन स्थानीय समयानुसार 21 अप्रैल को ईस्टर सोमवार को सुबह 7:35 बजे वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित उनके निवास पर हुआ। पोप फ्रांसिस के निधन की पुष्टि होली सी प्रेस कार्यालय ने की है। 88 वर्षीय पोप ने 12 साल से कुछ ज्यादा समय तक कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया।

पोप के निधन के बाद पोप के चैपल को पूरी तरह सील कर दिया गया था। सेंट पीटर्स बेसिलिका संक्षिप्त बंद रहने के बाद पुनः खुला, हजारों लोग पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

वेटिकन ने गुरुवार की सुबह घोषणा की कि





सेंट पीटर बेसिलिका ने स्थानीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे से 7:00 बजे के बीच अपने दरवाजे कुछ समय के लिए बंद कर दिए थे, उसके बाद पोप फ्रांसिस के पार्थिव शरीर के सार्वजनिक दर्शन के लिए फिर से खोला गया। सुबह दिवंगत पोप के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखे जाने के बाद से बेसिलिका में तीर्थयात्रियों, पादरी और गणमान्य व्यक्तियों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है। वेटिकन के अधिकारियों ने शनिवार के अंतिम संस्कार से पहले ज्यादा से ज्यादा आगंतुकों को पवित्र पिता को विदाई देने की अनुमति देने के लिए अतिरिक्त समय बनाए रखा है। सेंट पीटर स्क्वायर के चारों ओर लंबी कतारें लगना जारी है।

दुनिया भर से शोक मनाने वाले लोग सेंट पीटर के 266वें उत्तराधिकारी को अंतिम श्रद्धांजलि देने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने 12 साल से ज्यादा समय तक चर्च का नेतृत्व किया।

रोम में एकत्रित हुए कार्डिनल्स

कार्डिनल्स कॉलेज ने बुधवार की आम सभा में उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि देखी, जिसमें 103 कार्डिनल अब रोम में मौजूद हैं - मंगलवार की प्रारंभिक सभा में भाग लेने वाले लगभग 60 से लगभग दोगुना। कार्डिनल्स ने नोवेन्डियालेस मास के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने से पहले पोप फ्रांसिस के लिए प्रार्थना की शुरूआत की, जिसे कार्डिनल जियोवानी बैटिस्टा रे की अध्यक्षता में शनिवार की अंतिम संस्कार पूजा के बाद आठ अलग-अलग कार्डिनल द्वारा मनाया जाएगा।

# शी चिनफिंग ने सेना व सरकार, सेना व जनता के बीच एकता मजबूत करने पर जोर दिया

**बीजिंग। चीनी** कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव, राष्ट्रपति और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष शी चिनफिंग ने हाल में सेना व सरकार के बीच, सेना व जनता के बीच एकता मजबूत करने पर जोर दिया।


शी चिनफिंग ने कहा कि स्थानीय सरकार सेना व सैनिकों के परिजनों का समर्थन करना और सेना सरकार का समर्थन करने के साथ नागरिकों से प्यार करना चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, चीनी सेना और चीनी लोगों की उत्कृष्ट परंपरा और विशेष राजनीतिक श्रेष्ठता है। नई यात्रा पर हमें चीनी विशेषता वाले समाजवाद की विचारधारा पर कायम रहते हुए सीपीसी के समग्र नेतृत्व को बरकरार रखकर सुधार व नवाचार बढ़ाने और नीति व व्यवस्था को बेहतर बनाना होगा, ताकि सेना व सरकार और सेना व



जनता से जुड़े कार्य में नई प्रगति मिल सके। शी चिनफिंग ने कहा कि विभिन्न स्तरीय पार्टी समितियों और सरकारों को सेना के निर्माण और सेना में सुधार पर ध्यान देना होगा और सक्रियता से व्यापक सैन्य अधिकारियों व सैनिकों के लिए समस्याओं का समाधान करना होगा। वहीं, सेना को सक्रिय रूप से स्थानीय क्षेत्र के निर्माण और विकास का समर्थन करना होगा और व्यवहारिक कार्रवाई से नागरिकों को लाभ पहुंचाना चाहिए। सेना और सरकार को घनिष्ठ सहयोग कर अपने बीच एकता मजबूत करनी होगी।

बताया जाता है कि सेना व सरकार और सेना व जनता के बीच एकता बढ़ाने में आदर्श शहरों और काउंटियों को सम्मानित करने का सम्मेलन पेइचिंग में आयोजित हुआ।

# क्रीमिया पर जोर देकर जेलेंस्की युद्ध को लंबा खींच रहे : ट्रंप



**अमेरिका,**

**जेलेंस्की** ने लंदन में बुधवार को अमेरिका, यूरोपीय और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता से पहले किसी भी समझौते के तहत यूक्रेन द्वारा रूस को क्षेत्र सौंपे जाने के विचार को खारिज कर दिया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर निशाना साधते हुए कहा कि क्रीमिया के मुद्दे पर जोर देकर वह युद्ध को लंबा खींच रहे हैं।

ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब जेलेंस्की ने संभावित शांति योजना के तहत क्रीमिया को रूस को सौंपने से इंकार कर दिया। जेलेंस्की ने लंदन में बुधवार को अमेरिका, यूरोपीय और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता से पहले किसी भी समझौते के तहत यूक्रेन द्वारा रूस को क्षेत्र सौंपे जाने के विचार को खारिज कर दिया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, इस बारे में कोई बात नहीं होगी। यह हमारी भूमि है, यूक्रेनी लोगों की भूमि है।

ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, यह बयान रूस के साथ शांति वार्ता के लिए बहुत हानिकारक है, क्योंकि क्रीमिया को वर्षों पहले (अमेरिका के पूर्व) राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान गंवा दिया गया था, और यह चर्चा का विषय भी नहीं है।

# रूस ने कीव पर किया हवाई हमला, 12 लोग घायल


**कीव। मेयर** विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि गुरुवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के हवाई हमले में 12 लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कीव के सैन्य अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की। इसके साथ ही दो जिलों में हुए नुकसान का हवाला देते हुए नागरिकों से तुरंत आश्रय लेने का आग्रह किया।

मेयर ने टेलीग्राम पर कहा, "रूस के हमले से स्वियातोशिन्स्की जिले को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। हमले में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।"

मेयर ने बताया कि इंटरसेप्ट किए गए प्रोजेक्टाइल के टुकड़ों ने मध्य शेवचेन्कीव्स्की जिले और पश्चिमी स्वीयातोशिन्की जिले में गैर-आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त कर दीं। इसके बाद बचावकर्मी मौके पर पहुंचे, और बचाव दल घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। शहर के मेयर क्लिट्स्को ने बाद में पुष्टि की कि हमले के बाद एक तीन वर्षीय बच्चे को अस्पताल ले जाया गया है। चोटों की गंभीरता का खुलासा नहीं किया गया है। अप्रैल में कीव पर यह दूसरा बड़ा मिसाइल हमला है। इससे पहले 5 अप्रैल को एक हमला हुआ था, जिसमें कम से कम तीन लोग घायल हुए थे।

रूस के पूर्ण पैमाने पर हमले की शुरूआत के बाद से, कीव को सैन्य और नागरिक दोनों क्षेत्रों को निशाना बनाकर समय-समय पर विनाशकारी मिसाइल हमलों का



सामना करना पड़ा है।

अधिकारियों ने हवाई हमले की चेतावनी के दौरान आश्रय में रहने और ड्रोन या मिसाइल अलर्ट के समय बाहर न निकलने के महत्व को दोहराया है। हालांकि, गुरुवार के हमले में किसी आधिकारिक मौत की घोषणा नहीं की गई है।

लेकिन मनोवैज्ञानिक और बुनियादी ढांचे को नुकसान बढ़ता जा रहा है, जिससे निवासियों को लगातार डर और अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। इस नए हमले से रूसी सैन्य कार्रवाइयों में संभावित वृद्धि के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं, खासकर जब यूक्रेनी सेना विवादित क्षेत्रों में हमलों की तैयारी कर रही है।

ओब्लास्ट के गवर्नर सर्जी लिसाक के अनुसार, यूक्रेन के निप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र के मरहनेट्स शहर में बुधवार को रूसी ड्रोन हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए थे।

# शीत्सांग के पहले बड़े जलविद्युत स्टेशन की बिजली उत्पादन मात्रा 20 अरब किलोवाट घंटे से अधिक

**बीजिंग। शीत्सांग के** शान्नान शहर की च्याछा काउंटी में त्सांगमू जलविद्युत स्टेशन ने 20 अरब किलोवाट घंटे से अधिक विद्युत उत्पादन हासिल किया और यह 3,800 से अधिक दिनों से सुरक्षित रूप से संचालित हो रहा है।

त्सांगमू जलविद्युत स्टेशन शीत्सांग का पहला बड़े पैमाने का जलविद्युत स्टेशन है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 5,10,000 किलोवाट है। 2015 के अक्टूबर में इसे पूरी तरह से चालू कर दिया गया। यह शीत्सांग के बिजली



विकास के इतिहास में एक ऐतिहासिक परियोजना है, जो 1 लाख किलोवाट से 5 लाख किलोवाट तक पहुंच गई है।

त्सांगमू जलविद्युत स्टेशन ने चीन के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जलविद्युत स्टेशनों के निर्माण और संचालन के लिए बहुमूल्य अनुभव को संचित किया है। स्टेशन के पूरा होने और चालू होने के बाद, शीत्सांग पावर ग्रिड की सुरक्षा और स्थिरता के स्तर और बिजली गारंटी क्षमता में काफी सुधार हुआ,

जिससे उस समय शीत्सांग में उच्च लागत वाली ईंधन से चलने वाली बिजली आपूर्ति और वसंत व सर्दी में बिजली की कमी की स्थिति को बहुत हद तक कम किया गया और साथ ही तिब्बती बिजली के बाहरी संचरण को साकार करने में मदद मिली है।

# अमेरिका के न्यू जर्सी में तेजी से फैल रही जंगल की आग



**न्यू जर्सी**

**न्यू जर्सी** के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक गार्डन स्टेट पार्कवे को मंगलवार रात बार्नेगेट और लेसी टाउनशिप के बीच बंद कर दिया गया था। ओशन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बुधवार सुबह पोस्ट किया कि इसे फिर से खोल दिया गया है। न्यू जर्सी के पाइन बैरेंस में जंगल की आग तेजी से फैल गई है, हालांकि अधिकारियों ने पहले दिए गए क्षेत्र खाली करने के आदेश को वापस ले लिया और आग के कारण बंद किए गए प्रमुख राजमार्ग के एक हिस्से को फिर से खोल दिया गया। इससे पहले, न्यू जर्सी फॉरेस्ट फायर सर्विसह्न ने बताया था कि 1,300 से अधिक इमारतों को खतरा है और लगभग तीन हजार लोगों को अन्यत्र भेजा गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि क्षेत्र खाली करने के आदेश निरस्त कर दिए गए हैं।

बार्नेगेट पुलिस विभाग के अनुसार, दो स्कूलों में आश्रय स्थल बनाए गए हैं। न्यू जर्सी के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक गार्डन स्टेट पार्कवे को बुधवार सुबह फिर से खोल दिया गया।

अधिकारियों ने राज्य के दक्षिणी भाग में लगभग 12 किलोमीटर लंबा हिस्सा बंद कर दिया था। पाइन बैरेंस में जंगल की आग एक सामान्य घटना है यहां 445,000 हेक्टेयर का राज्य और संघीय संरक्षित वन क्षेत्र है।

न्यू जर्सी के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक गार्डन स्टेट पार्कवे को मंगलवार रात बार्नेगेट और लेसी टाउनशिप के बीच बंद कर दिया गया था। ओशन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बुधवार सुबह पोस्ट किया कि इसे फिर से खोल दिया गया है।

# अटैक के बाद आगे क्या? अमेरिका को पता चला भारत लेगा पाकिस्तान पर कैसा एक्शन!

**अमेरिका**

**जिस** तरह से देर रात अमेरिका की ओर से ट्रैवल एडवाइजरी जारी की गई। उससे ये बात पता चलती है कि हालात बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं और आने वाले दिनों में यहां कुछ बड़ा हो सकता है। अमेरिका की ओर से जो एडवाइजरी जारी की गई उसमें कहा गया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ और जिस तरह से जानकारी सामने आई उसमें कई लोगों की मौत हुई। हर कोई हाई अलर्ट पर जा चुका है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत का एक्शन लगातार जारी है। भारत सरकार ने जहां डिप्लोमैटिक स्तर पर पाकिस्तान के



खिलाफ कई कदम उठाए। सिंधु जल समझौते को रद्द करने का ऐलान किया। इसके अलावा अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया। वहीं पाकिस्तान के राजनयिकों और मिलिट्री अटाचे को भारत छोड़ने का आदेश दिया है। पाकिस्तान के वीजा को तत्काल प्रभाव से कैंसल करते हुए सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। अब भारत सैन्य स्तर पर क्या कार्रवाई करेगा इसका आंकलन हर कोई करेगा। हालांकि इस बात की आशंका हर किसी को है कि भारत किसी न किसी तरह से पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जरूर करेगा। इसी बीच अमेरिका ने जो कदम उठाया है उसने इस हवा को और तेज कर दिया है कि सीमा पर कुछ बड़ा होने वाला है।

जिस तरह से देर रात अमेरिका की ओर से ट्रैवल एडवाइजरी जारी की गई। उससे ये बात पता चलती है कि हालात बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं और आने वाले दिनों में यहां कुछ बड़ा हो सकता है। अमेरिका की ओर से जो एडवाइजरी जारी की गई उसमें कहा गया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जो आतंकी हमला हुआ और जिस तरह से जानकारी सामने आई उसमें कई लोगों की मौत हुई। हर कोई हाई अलर्ट पर जा चुका है। अमेरिका ने हिंसक अशांति की आशंका के मद्देनजर इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए और भारत-पाकिस्तान सीमा के 10 किलोमीटर के दायरे में यात्रा नहीं करें संबंधी परामर्श जारी किया है। अमेरिका के विदेश विभाग की ओर से अमेरिकी नागरिकों के लिए जारी ताजा परामर्श में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है। इस राज्य की यात्रा न करें (पूर्वी लद्दाख क्षेत्र और इसकी राजधानी लेह की यात्राओं को छोड़कर) और भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर यह आम बात है। यह कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थलों: श्रीनगर, गुलमर्ग और पहलगाम में भी होती है।

आखिर में ये बात अमेरिका की ओर से बेहद सख्त लहजे में लिखी गई है कि अमेरिकी सरकार अपने नागरिकों को ये चेतावनी देती है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# अमेरिकी उप-राष्ट्रपति का जयपुर सिटी पैलेस दौरा रद्द, सुरक्षा चिंताओं के चलते लिया गया फैसला

**अमेरिका / जयपुर। अमेरिका** के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय (21-24 अप्रैल) भारत दौरे पर हैं। उनके यात्रा कार्यक्रम में बुधवार को जयपुर के सिटी पैलेस जाना भी शामिल था, लेकिन इस दौरे को रद्द कर दिया गया।

सिटी पैलेस दौरा रद्द करने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है।

हालांकि सूत्रों का कहना है कि आगरा से लौटने के तुरंत बाद ही सिटी पैलेस जाने का प्लान रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि यह फैसला पहलगाम आतंकवादी हमले से प्रभावित था।

इससे पहले बुधवार को वेंस और उनके परिवार ने आगरा में प्रतिष्ठित ताजमहल का दौरा किया और जयपुर लौटने से पहले वहां लगभग तीन घंटे बिताए। वे फिलहाल रामबाग पैलेस होटल में ठहरे हुए हैं और गुरुवार सुबह 6.30 बजे वाशिंगटन के लिए रवाना होंगे।

उपराष्ट्रपति वेंस और उनका परिवार सोमवार रात जयपुर पहुंचे। 22 अप्रैल को, उन्होंने आमेर किले का दौरा किया और ऐतिहासिक स्थल में एक घंटे से अधिक समय बिताया।

सिटी पैलेस म्यूजियम के निदेशक वैभव चौहान ने पहले घोषणा की थी कि वेंस के दौरे के सिलसिले में 23 अप्रैल को सिटी पैलेस पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। अमेरिकी सुरक्षा



एजेंसियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने के लिए मंगलवार को आयोजन स्थल का गहन निरीक्षण किया था।

चौहान ने मंगलवार को कहा, "जयपुर का सिटी पैलेस 23 अप्रैल, 2025 को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनके परिवार का स्वागत करने के लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा है। महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय, सिटी पैलेस 23 अप्रैल 2025 को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।" बुधवार को ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में 'सभी तरह की मदद' देने के लिए तैयार है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को आगरा के दौरे पर आए वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "उन्होंने जानमाल के नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दोहराया कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने समर्थन और एकजुटता के संदेशों के लिए उपराष्ट्रपति वेंस और राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद दिया।"

अमेरिकी उपराष्ट्रपति और उनके परिवार ने सोमवार शाम को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम के मशहूर पर्यटक स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलिया चला दीं। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई।